संताल एक्सप्रेस के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई

# संताल एक्सप्रेस

वर्ष- 07 अंक - 11 दुमका | RNI NO. JHABIL/2018/76383 | www.santalexpress.com | 01 अक्टूबर 2024, मंगलवार | पृष्ठ-8 मूल्य : 2 रुपये




## कालू शेख को झारखंड युवा सदन 4 में सम्मानित किया गया



**पतना । संवाददाता नसीम अंसारी** । बरहेट विधानसभा क्षेत्र के पतना प्रखंड अर्जुनपुर पंचायत के ग्राम मोहब्बतपुर के रहने वाले कालू शेख झारखंड युवा सदन 4.0 में ऑर्गेनाइज्ड कमेटी के अच्छे प्रदर्शन के लिए सम्मानित हुआ। इस वर्ष तीन दिवसीय 27, 28 एवं 29 सितंबर झारखण्ड के राजधानी रांची में युवा सदन आयोजित की गई थी। जिसमे साहेबगंज जिला अंतर्गत कॉलेज हो या विद्यालय हो हमेशा से छात्रों की आवाज को बुलंद कर छात्रों के अपनी हक दिलाने का काम में सहयोग करने वाले कालू शेख झारखंड युवा सदन 4.0 में सम्मानित हुआ। और विद्यालय समाजसेवी एवं एनएसएस में कार्यरत रह चुके हैं और यहां लोकप्रिय छात्र नेता है और हमेशा से छात्रों के हित में आवाज उठाते है छात्रों के साथ उनके न्याय के लिए लड़ते हैं। झारखंड युवा सदन कार्यक्रम झारखंड सरकार के खेल एवं युवा विभाग के सहयोग से हर वर्ष आयोजन किया जाता है। जिसका उद्देश्य राज्य के कोने कोने से उन युवाओं को चुनना है जो लोक एवं समाजिक हितों का चिंतन करता हैं। उन्हें एक मंच पर लाकर राजनीति के बारे में प्रेरित करना है साथ ही युवाओं के अंदर छिपे हुए राजनीतिक प्रतिभा एवं नेतृत्व क्षमता को परखना और निखारना है। राज्य से विभिन्न विधानसभाओं क्षेत्र से युवा का चयनित किया गया है। कालू शेख ने बताया कि मुझे इस बात की बहुत ही खुशी है कि मुझे बरहेट विधानसभा क्षेत्र से युवा सदन जैसे कार्यक्रम में शामिल होने का मौका मिला है जिसमे मुझे बहुत कुछ सिखने को मिला है ।

## विनायक आर्ट गैलरी में कला प्रदर्शनी रंग नृत्य का हुआ शुभारंभ



**देवघर संताल एक्सप्रेस** । विनायक आर्ट गैलरी में कला प्रदर्शनी रंग नृत्य का हुआ शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रदीप भैया महाराज विशिष्ट अतिथि प्रो. रामनंदन सिंह, प्रसिद्ध उद्घोषक व शिक्षाविद रामसेवक सिंह गुंजन थे।प्रदर्शनी का संचालन मशहूर चित्रकार व विनायक आर्ट गैलेरी के संस्थापक मार्कंडेय जजवाड़े के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। पांच अक्टूबर को प्रदर्शनी का विधिवत समापन किया गया।कार्यक्रम संचालन डॉ नीतू ने किया।छात्राओं ने तिलक लगाकर अतिथि का स्वागत किया। साथ ही उन्होंने माल्यार्पण व पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया। इसके बाद अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया।साथ ही प्रदर्शनी में मौजूद कला प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया व कला की बारिकी से अवगत हुए। प्रदीप भैया महाराज - जीवन में हजारों मंच पर मैंने बोला है। स्वयं कथावाचक हूं लेकिन यह मेरे जीवन का पहला अवसर है कि मैं संशय में हूं कि क्या बोला जाए। देवघर में पुटरू जी ही केवल ऐसे व्यक्ति है जिनके बारे में कोई व्यक्ति कोई नकारात्मक नहीं बोला है। यह पुटरू जी की महानता और इनका व्यक्ति है। इन्होंने अपना पूरा जीवन कला को समर्पित कर दिया। जब मनुष्य कोई कलाकृति करता वह नया जन्म देता है वह स्वभाविक रूप से मां का रूप धारण कर लेता है।

## भैंसा लड़ाई प्रतियोगिता मेले से जुआ खेलते दो गिरफ्तार

**उधवा संताल एक्सप्रेस** । राधानगर पुलिस ने भैंसा लड़ाई प्रतियोगिता मेला में छापेमारी कर दो जुआरी को खदेड़ कर गिरफ्तार कर लिया। मामले की जानकारी देते हुए सोमवार को राधानगर थाना प्रभारी नितेश कुमार पांडे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि मदिया गांव में भैंसा लड़ाई प्रतियोगिता के आड़ में अवैध रूप से जुआ खेला जा रहा है।पुलिस को सूचना मिली कि मेला में बाहर से कुछ लोग आकर हब्बा डब्बा जुआ खेला रहे है और अवैध रूप से पैसे कमा रहे है। पुलिस अधीक्षक साहिबगंज के द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्यवाई हेतु राधानगर पुलिस ने दलबल के साथ मदिया गांव में छापेमारी करने के लिए प्रस्थान किया। इस दौरान मेला में छापेमारी करते हुए पाकुड़ जिला के लिट्टीपाड़ा निवासी अशोक रविदास एवं मदिया निवासी पगला सोरेन को गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों के पास से हब्बा डब्बा जुआ में उपयोग होने वाली टोकरी,बोर्ड व छह अदद डिस, 16120 रूपये,दो एंड्रॉयड मोबाइल फोन जब्त कर लिया गया। मामले को लेकर कांड संख्या 165/24 बंगाल जुआ अधिनियम के तहत दो लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस ने सोमवार को दोनों आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। छापेमारी दल में थाना प्रभारी नितेश कुमार पांडेय, एसआई दीपक कश्यप आदि पुलिस बल मौजूद थे।

## तीनपहाड़ आजीविका महिला संकुल समिति लिमिटेड की वार्षिक आम सभा का उद्घाटन



**साहिबगंज** । पलाश के तत्वावधान में साहिबगंज के प्रखण्ड- राजमहल , पंचायत-बाबुपुर के तीनपहाड़ आजीविका महिला संकुल स्तरीय प्रथमिक स्वाबलंबी सहकारी समिति लिमिटेड की वार्षिक आम सभा एवं (ष्टस्न) का उद्घाटन किया गया। इस संकुल में कुल 5 पंचायतों के 26 राजस्व ग्रामों से जुड़े 241 सखी मंडलों की कुल 2842 महिलाएं सम्मिलित हैं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं की आजीविका को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए उन्हें विभिन्न योजनाओं से जोड़ना था। संकुल संगठन द्वारा महिलाओं को ऋण सुविधाएं, जैसे सामुदायिक निवेश निधि, चक्रीय निधि और कैश क्रेडिट लिंकेज, उपलब्ध कराकर उन्हें स्वरोजगार और आजीविका के नए अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2023-24 का आय-व्यय विवरण- इस वार्षिक आम सभा में वित्तीय वर्ष 2023-24 के आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। इस दौरान बताया गया कि संकुल को कुल 37,056 का वार्षिक लाभ हुआ है, जो संगठन की वित्तीय प्रबंधन और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी को दर्शाता है। संकुल का वित्तीय वर्ष 2023-24 का पुस्तक का अनावरण संकुल द्वारा वित्तीय गैर वित्तीय एवं आजीविका गतिविधियों का वृस्तत ब्यौरा को बढ़ते कदम की ओर पुस्तक का भी मुख्य अथितियों एवं संकुल के पदाधिकारी के द्वारा संयुक्त रूप से अनावरण किया गया। महिला सशक्तिकरण में योगदान संकुल के माध्यम से 17 महिला कैडर ग्रामीण क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं, जो स्वयं की आजीविका के साथ-साथ अन्य महिलाओं को भी सशक्त, स्वावलंबी और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

# हेमंत सरकार ने झारखंड की जनता को सिर्फ हसीन सपने दिखाए, काम कुछ नहीं किया: संजय

संवाददाता

**रांची** । केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने हेमंत सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने झारखंड की जनता को सिर्फ हसीन सपने दिखाए। 5 वर्षों में झारखंड सरकार ने कोई काम नहीं किया। जेएमएम कांग्रेस की गठबंधन सरकार ने घोषणा पत्र में किए गए एक भी वादे पूरे नहीं किए। उन्होंने कहा कि राज्य हेमंत सरकार ने बेरोजगार युवाओं को नौकरी नहीं दी और न ही बेरोजगारी भत्ता दिया।



उन्होंने हेमंत सरकार को घेरते हुए कहा कि राज्य सरकार ने 25-25 लाख रुपये लेकर परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक कराया गया। साथ ही झारखंड में आदिवासी बेटियों के साथ कत्लेआम हुआ। इस दौरान उन्होंने आदिवासी बेटी रूपा तिर्की और संध्या टोप्पो मर्डर केस का भी उदाहरण दिया।

सेठ ने कहा कि राज्य में बांग्लादेशी घुसपैठ के कारण राज्य की डेमोग्राफी भी बदल रही है। चौक-चौराहों पर दिहाड़ी मजदूर हर दिन खड़े रहते हैं और बांग्लादेशी यहां आकर बहुत कम मजदूरी में मजदूरी कर यहां के मजदूरों की रोजी-रोटी छीन रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी देश की सबसे भ्रष्ट पार्टी है। महिलाओं को खटाखट एक लाख देने का वादा किया था, लेकिन कुछ नहीं मिला। झारखंड में पानी, बिजली, सड़क सब का बुरा हाल है। न लोगों को बिजली मिल रही है, न ट्रांसफार्मर मिल रहा है और न ही बिजली पोल लगाए जा रहे हैं।

सेठ भाजपा की परिवर्तन यात्रा के दौरान बुंडू में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि जेएमएम सरकार की मईंया सम्मान योजना पर सरकार को घेरते हुए कहा कि अभी 1 हजार रुपए दिए जा रहे हैं, पांच साल पहले मईंया योजना क्यों नहीं शुरू की? प्रत्येक चूल्हा दो हजार रुपए देने की घोषणा का क्या हुआ? राज्य की इस जेएमएम कांग्रेस की भ्रष्ट सरकार को हर हाल में बदलना होगा।

## आईजी ने पश्चिम बंगाल के पुलिस पदाधिकारी के साथ की ऑनलाइन बैठक



**दुमका।** पुलिस महानिरीक्षक संथाल परगना प्रक्षेप दुमका के क्रांति कुमार गढ़ीदेसी ने पश्चिम बंगाल के पुलिस पदाधिकारी के साथ ऑनलाइन अंतरराज्यीय सीमा बैठक सोमवार को हुई । उक्त बैठक में पुलिस महानिरीक्षक ने पश्चिम बंगाल के पुलिस महानिरीक्षक से आगामी होने वाले विधानसभा चुनाव के मध्य नजर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष जानकारीयों का किया आदान-प्रदान।पुलिस महानिरीक्षक ने घटना मुक्त चुनाव संपन्न कराने को लेकर पश्चिम बंगाल के पुलिस पदाधिकारीयों से किया सहयोग की अपेक्षा।पुलिस महानिरीक्षक ने अंतर राज्य के सभी जिलों से अवैध शराब के परिवहन एवं रोकथाम को लेकर दिए विशेष दिशा निर्देश।अवैध धनराशि का परिवहन ना हो इसके लिए चेक पोस्ट बनाने एवं कड़ी निगरानी हेतु दिए गए विशेष दिशा निर्देश।मादक पदार्थों के परिवहन के रोकथाम को लेकर चेक पोस्ट पर कड़ी निगरानी रखने को लेकर दिए गए विशेष दिशा निर्देश।झारखंड राज्य के फरार अभियुक्तों के एवं पश्चिम बंगाल राज्य के कांडो में संलिप्त फरार एवं वारंटी अभियुक्तों के सूचनाओं का आदान-प्रदान करने को लेकर दिए विशेष दिशा निर्देश। पुलिस महानिरीक्षक बीरभूम पश्चिम बंगाल ने कहा पुलिस महानिरीक्षक संथाल परगना, प्रक्षेत्र दुमका के द्वारा दिए गए सभी निर्देशों का किया जाएगा सुगमतापूर्वक पालन। बैठक में पुलिस उपमहानिरीक्षक संस्थान परगना क्षेत्र संजीव कुमार एवं संथाल परगना क्षेत्र से पुलिस अधीक्षक दुमका पीतांबर सिंह खेरवार ।

## 10 रुपये के विवाद में युवक के साथ मारपीट,पैसे,गले का चैन छिनतई का आरोप

**साहिबगंज** नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत रसूलपुर दहला पुल के समीप एक युवक के साथ तीन लोगों ने 10 रुपये के विवाद में मारपीट कर बुरी तरह से घायल कर दिया घायल युवक को परिजनों ने इलाज के लिए बीते रविवार की रात सदर अस्पताल में भर्ती कराया अस्पताल में चिकित्सा अलीमुद्दीन ने प्राथमिक उपचार किया बताया जा रहा है कि रसूलपुर दहला निवासी स्वर्गीय अमरनाथ के 22 वर्षीय पुत्र संजीव कुमार तांती मजदूरी कर सब्जी बेचने का काम किया करता है।घर के लिए वापस बाजार से लौट रहा था। तभी तीन लोगों ने उसे पर 10 रुपए के लिए विवाद हुआ और मारपीट कर बुरी तरह से घायल कर दिया। घायल संजीव कुमार ताँती ने आरोप लगाते हुए बताया कि किसी चना भूझा के दुकान में 10 रुपये का लिया था ।इसी बात पर आनंद मोदी,वह उनके दो पुत्र राकेश,दीपक ने मारपीट कर घायल कर दिया साथ ही पॉकेट से चार हजार रुपए,और गले में चांदी का चैन भी छीन लिया और मोबाइल भी क्षतिग्रस्त कर दिया फिलहाल घायल युवक का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है।पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

## बासलोई महिला पोल्ट्री प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड एजीएम दुमका की हुई प्रथम आम बैठक

**गोपीकांदर** । प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रशिक्षण भवन में सोमवार को बासलोई महिला पोल्ट्री प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड एजीएम दुमका की प्रथम आम बैठक का आयोजन किया गया । बैठक का शुभारंभ मुख्य अतिथि बीडीओ गौतम कुमार मोदी, जेएसएलपीएस बीपीएम निरंजन तिवारी एवं कंपनी के सीओ अरूप रोय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को कंपनी के सीईओ अरूप रोय ने बासलोई महिला पोल्ट्री प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड दुमका की विशेषता और कार्यों को बताया। उन्होंने बताया कि बासलोई महिला पोल्ट्री प्रोड्यूसर लिमिटेड कंपनी एक पोल्ट्री मुर्गी पालन कंपनी है, जो सरकार और जेएसएलपीएस के सहयोग से चलाई जा रही है7 इस कंपनी का टेक्निकल सपोर्ट एफडीआर वीसी (फाउंडेशन फोर रूरल भेरूचेन एजेंसी के द्वारा किया जा रहा है। कंपनी का मुख्य उद्देश्य जेएसएलपीएस से जुड़ी एवं अन्य महिलाओं को बासलोई पोल्ट्री प्रोड्यूसर कंपनी से जोड़कर रोजगार उपलब्ध कराना है ।

## सेवानिवृत पर बीईइओ प्रफुल्ल व प्रधानाचार्य डा सचिदानंद को दिया विदाई




**साहिबगंज** । साहिबगंज सदर बीईइओ प्रफुल्ल चंद्र सिंह सोमवार को सेवानिवृत हुए। सेवानिवृत होने पर शिक्षको ने बंगला बालक मध्य विद्यालय परिसर में सोमवार को सदर बीईओ प्रफुल्ल चंद्र सिंह का विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे क्षेत्र के दर्जनों विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओ ने बीईओ को अंग वस्त्र, पुष्प गुच्छ व आकर्षक उपहार देकर स्वागत व सम्मानित किया। वही कहा कि रिटायरमेंट किसी रोड का अंत नहीं है। बल्कि यह खुले हाइवे की शुरुवात है। वही सभी ने उनके स्वास्थ्य जीवन की कामना किए। वही तालबनना संस्कृत विद्यालय के प्रधानाचार्य डा सचिदानंद मिश्र सेवानिवृत हुए। विद्यालय परिसर में विदाई समारोह आयोजित करके उन्हे पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्र व आकर्षक उपहार देकर विदा किया गया।

## मोड़े मांझी की बात नहीं मानी तो होगा लॉ बैसी : सुनील



**गोपीकांदर।** गोपीकांदर अंचल क्षेत्र के पिंडरगढ़िया गांव में एक एकड़ 69 डिसमिल जमीन को लेकर मोड़े मांझी की बैठक बुलाई गई। हालांकि मोड़े मांझी की इस बैठक में द्वितीय पक्ष हाजिर नहीं हुए। मामले की जानकारी मिलने पर गोपीकांदर पुलिस ने द्वितीय पक्ष के सात लोगों को थाना ले आई है, जबकि प्रथम पक्ष को भी थाना आने की हिदायत दी गई है। मोड़े मांझी की अध्यक्षता कर रहे सुनील हांसदा ने बताया कि पिंडरगढ़िया गांव के प्रथम पक्ष छोटा कीस्टो देहरी ने मोड़े मांझी की बुलाई है। बैठक में प्रथम पक्ष छोटा कीस्टो देहरी है जबकि द्वितीय पक्ष शिवलाल देहरी, बेहदा देहरी, छोटा बेहदा देहरी, कालू देहरी, लखिन्द्र देहरी, शांति महारानी, देवा देहरी, जीतू देहरी शामिल है। उन्होंने बताया कि जमीन सभी कागजात छोटा कीस्टो के पक्ष में है, लेकिन द्वितीय पक्ष जबरन एक एकड़ 69 डिसमिल जमीन को कब्जे में लेकर रखा है। इस मामले को लेकर गांव में तीन बार बैठक किया गया। हर बार बैठक में छोटा कीस्टो की जीत हुई। द्वितीय पक्ष जबरन जमीन पर कब्जा कर रखना चाहता है। प्रथम पक्ष के छोटा कीस्टो देहरी ने बताया कि पिछले पांच माह से जमीन को लेकर समस्या चल रही है। कभी गांव तो कभी थाना का दरवाजा खटखटाया है लेकिन समाधान नहीं हुआ। अंततः मोड़े मांझी का सहारा लेना पड़ा। उन्होंने बताया कि जमीन को लेकर गांव के अलावे थाना में भी पिछले छह सितंबर को द्वितीय पक्ष के सभी लोगों और सीओ के उपस्थिति में बैठक किया गया था।

## वृद्ध मां की हत्या के मामले में, पुत्र सहित तीन को उम्रकैद साथ ही साथ 10-10 हजार जुर्माना

**साहिबगंज** । साहिबगंज वृद्ध मां को लाठी डंडे से मार कर हत्या करने के मामले में सोमवार को धीरज कुमार जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम साहिबगंज के न्यायालय में पुत्र सहित चारों आरोपियों को उम्र कैद एवं 10-10 हजार जुर्माना की सजा सुनाया गया। मिली जानकारी के अनुसार जिरवाबाडी थाना क्षेत्र के छोटा लोहंडा गांव में 3फरवरी 23 को जमीन विवाद को लेकर अभियुक्त रामचंद्र उरांव , मेघवा देवी , गोवर्धन उरांव एवं समरी देवी ने एक साथ मिलकर लाठी डंडा से प्रहार कर मां इतवारिया मोसमात की हत्या कर दिया है। उक्त घटना को लेकर सूचक सोम मुंडा ने बोरिया ( जिरवाबाडी ) थाना कांड संख्या 28/2023 मे उपरोक्त चारों आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराए थे । सूचक ने आरोप लगाया है कि 3 फरवरी 2023 को सुबह अपने पुत्र को इलाज के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज आया हुआ था । इस दौरान उसकी पुत्री ने सूचना दिया कि उसकी दादी को चारों अभियुक्तों ने लाठी डंडा से मारपीट कर हत्या कर दिया है। सूचना पाकर घर पहुंचा तो देखा की इतवारियां मोसमत का लाश घर से कुछ दूरी पर बास खेत में मिली। न्यायाधीश ने उभय पक्ष की दलील सुनने एवं दस्तावेज का अवलोकन करने के बाद चारों अभियुक्त को हत्या का दोषी पाते हुए सश्रम आजीवन कारावास एवं 10-10 हजार जुर्माना की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष से लोक अभियोजक आनंद कुमार चौबे ने सुनवाई भाग लिया।

## करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत

**साहिबगंज /राजमहल** । करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई।जानकारी के अनुसार राजमहल थाना क्षेत्र के गुणहारी पंचायत के सुखाड़ गांव में सोमवार को करंट लगने से इलाज के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई। परिजनों के अनुसार भरत उरांव के पुत्र महेंद्र उरांव (30) सुवह अपने घर में बिजली पंखा ठीक कर रहा था। उसी दौरान किसी तरह से करंट लगने पर मूर्छित होकर गिर गया। परिजनों ने इलाज के लिए यहां अनुमंडल अस्पताल लाया। चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही थाना के एसआई एस मुर्मू मौके पर पहुंच कर छानबीन की। शव का पोस्टमार्टम करने की प्रक्रिया चल रही थी। महेंद्र मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। अपने पीछे पत्नी समेत दो छोटी-छोटी बेटी और एक बेटा छोड़ गया है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था।

## आईआईएम रांची के मेन गेट पर हटिया विस्थापित परिवार समिति ने किया प्रदर्शन

**रांची** । सोमवार को हटिया विस्थापित परिवार समिति के बैनर तले नगड़ी प्रखंड स्थित आईआईएम के मुख्य द्वार पर एक दिवसीय प्रदर्शन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने आईआईएम का मुख्य द्वार को लगभग तीन घंटे तक बाधित रखा। बाद में आईआईएम प्रबंधन ने हटिया विस्थापित परिवार समिति के प्रतिनिधियों के साथ प्रबंधन कार्यालय में वार्ता की। इस दौरान ग्रामीणों की सभी छह मांगो पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई और प्रबंधन की ओर से नियुक्त अधिकारी आनंद ने कहा कि आपकी सारी मांगों को आईआईएम प्रबंधन समिति के पास रखी जाएगी। इस संदर्भ में समिति को जल्द सूचित करने कि बात भी कही गई। वार्ता में विस्थापितों की ओर से समिति के अध्यक्ष पंकज शाहदेव, कलाम आजाद, महावीर मुंडा, विनय उरांव ,अनिल महतो, अख्तर हुसैन, जहाना परवीन और किरण देवी शामिल थी।प्रदर्शन में समिति के अध्यक्ष पंकज शाहदेव ने कहा कि भविष्य में हमें इसी प्रकार निरंतर संघर्ष को जारी रखना है जब तक विस्थापितों को हक और अधिकार की प्राप्ति नहीं हो जाती और तब तक हमें इसी प्रकार की एकजुटता को कायम रखनी है।प्रदर्शन के समर्थन करने आए भाजपा नेता शशि भूषण भगत ने कहा की लड़ाई सिर्फ आपकी नहीं यह लड़ाई हम सब नगड़ी प्रखंड के लोगों की है और आगे इस लड़ाई को पूरे प्रखंड का लड़ाई बनाते हुए पार्टी स्तर पर भी प्रयास होगी।प्रदर्शन में भारी संख्या में महिला और पुरुष शामिल रहे।

## मृतक लड़की के परिजन से मिले सांसद



दुमका। जामा थाना क्षेत्र के छैलापाथर गांव के चिटाही टोला में रविवार को हुई युवती की मौत की खबर सुनकर सोमवार को सांसद नलिन सोरेन मृतक के परिजनों से मिलने पहुंचे। उन्होंने सारी वस्तुस्थिति से अवगत होने के बाद परिजनों को ढांढस बंधाया। साथ ही आश्वासन दिया कि जांच के उपरांत न्यायसंगत कार्यवाही होगी। जानकारी के अनुसार रविवार को एक 19 वर्षीय युवती के फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने का मामला प्रकाश में आया था। मृतका के परिजनों ने गांव के ही अकमल अंसारी और उसके पिता शमीम अंसारी द्वारा डराने धमकाने से युवती के द्वारा आत्महत्या करने का आरोप लगाया है। थाना प्रभारी अजीत कुमार ने बताया कि मामला दो लोगों पर मामला दर्ज कर लिया गया है । एफआईआर संख्या 81/24, दिनांक 29/09/2024 को भारतीय न्याय संहिता की धारा 108, 351/3,3/5 की धारा पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। अभी तक दोनों आरोपी फरार हैं । बहुत जल्द पुलिस के गिरफ्त में होंगे । पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद न्यायसंगत कार्यवाही की जायेगी। मौके पर उपप्रमुख षष्टिपद नंदी, सिद्धार्थ लाहा, अनवर अंसारी, अकरम अंसारी आदि शामिल थे।

## केशव कुमार ने विधानसभा क्षेत्र से विधायक के रूप में तीन दिवसीय सदन के कार्रवाई में भाग लिया



**साहिबगंज /राजमहल।** झारखंड युवा सदन 4.0 में लेखक केशव कुमार ने गोडडा जिला के मेहरमा विधानसभा क्षेत्र से विधायक के रूप में तीन दिवसीय सदन के कार्रवाई में भाग लिया। जहां केशव कुमार ने विपक्षी दल के नेता के रूप में बखूबी अपनी भूमिका निभाई। सदन में आए झारखंड सरकार के प्रतिनिधित्व को स्वरोजगार हेतु लोन देने की नीति की कमियां को उजागर करते हुए उनके मुंह पर कटाक्ष पूर्ण तरीके से जाहिर किया। झारखंड युवा सदन के सरकार द्वारा लाए गए मानव तस्करी रोकथाम विधेयक ,2024 बिल का केशव कुमार द्वारा कड़ा विरोध करते हुए इसमें सुधार करने का अनुशंसा किया गया। और सरकार की कमियों को उजागर करते हुए कहा गया । कि अगर सरकार अपने रोजगार नीति और पुलिस प्रशासनिक व्यवस्था सुधार कर व पहले से बने अनैतिक तस्करी 1956 कानून को कड़ाई से लागू करती तो झारखंड में आज अलग से इस बिल को पेश करने की आवश्यकता ना होती। जिसमें क्योंकि सिर्फ कानून बना देने से समस्या का हल नहीं हो जाता जब तक उसे कानून को कड़ाई से अच्छी नीति के साथ उनका पालन न हो। इस संबंध में सदन में केशव कुमार अपने आवासीय क्षेत्र राजमहल एवं जिला साहिबगंज के इस तरह के समस्या से जुड़े कई मुद्दों को भी उठाया। जैसे आर्थिक अवसंरचना का विकास ( जिसमें राजमहल से मानिकचक, बंगाल तक गंगा पुल का निर्माण ) व रोजगार के साधन न करने से बेरोजगारी की समस्या उत्पन्न हो रही है जिसके कारण लोग रोजगार की तलाश में मानव तस्करी के शिकार हो रहे हैं।

## कथित डॉक्टर की पत्नी ने एसपी से लगाई गुहार



**साहिबगंज** । शहर में चर्चित एक कथित डॉक्टर अजय कुमार की पत्नी ने एसपी से उनके खिलाफ शिकायत की ही। अर्जुन नगर निवासी पुष्पांजलि। कुमारी ने एसपी को दिए आवेदन में बताया कि कथित डॉक्टर अजय कुमार ने अविवाहित होने का विश्वास दिला कर 2019 में उसके साथ शादी की थी। उन्हें बाद में पता चला कि डॉ अजय शादीशुदा हैं। उसकी एक पत्नी का नाम कल्पना है। शादी के 8 महीने बाद से ही डॉक्टर व उसकी पत्नी ने गाली-गलौज शुरू कर दी। उक्त पत्नी के बहकावे में अब उन्हें घर से भगाने की धमकी दी जा रही है। डॉक्टर का अवैध संबंध किसी नर्स के साथ भी है। उक्त नर्स अब उन्हें धमकी दे रही है कि डॉ अजय से उसे एक पुत्र हुआ है। जितना जल्दी हो अर्जुन नगर का घर व जमीन छोड़ कर चली जाओ। उन्हें पूर्ण विश्वास है कि डॉ अजय अपनी ड्राइवर व उक्त नर्स के साथ साजिश रच उसकी हत्या करवा सकते हैं। पीड़िता ने मामले में न्याय की गुहार लगाई है।

## झासा ने किया चार अक्टूबर से राज्यव्यापी अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान

**साहिबगंज** । जिले के सदर अस्पताल में इलाज कराने आये छह वर्षीय आदिम जनजाति बच्ची की कथित मलेरिया से मौत मामले में डॉक्टरों पर कार्रवाई के मामला अब तक थमा नही है। इसे लेकर झासा ने राज्यव्यापी आंदोलन की घोषणा कर दी है। झासा के राज्य अध्यक्ष व महासचिव ने स्वास्थ्य सचिव को पत्र प्रेषित करते हुए चार अक्टूबर से राज्यव्यापी हड़ताल की घोषणा की है। झासा के अनुसार अस्पताल से दी जाने वाली सभी सेवाओं का भी बहिष्कार की बात कही गई है। पत्र के अनुसार आंदोलन के दौरान सिर्फ इमरजेंसी सेवा ही बहाल रहेगी। इसके अलावा झासा ने आंदोलन के दौरान राज्य के सभी जिला के उपायुक्त या अन्य किसी प्रशासनिक पदाधिकारी द्वारा बुलाई गई मीटिंग का भी बहिष्कार करने की बात कही है।

## 5 अक्टूबर से सेविका सहायिका मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएगी

**साहिबगंज संवाददाता** । झारखंड राज्य समाज कल्याण आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ के आव्हान पर साहिबगंज जिला अध्यक्ष सबाना आजमी की अध्यक्षता में सदर प्रखंड परिसर में बैठक हुई।बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में संयुक्त संघर्ष मोर्चा के संयोजक भारत यादव मौजूद थे।बैठक में जिला अध्यक्ष सबाना आजमी ने बताया कि संघ पिछले कई सालों से 8 सूत्री मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे है लेकिन सरकार को हमारी फिक्र नहीं है।उन्होंने बताया कि अपनी मांगों को लेकर संघ बीते दिनों 23 सितम्बर को रांची में मुख्यमंत्री आवास का घेराव भी किया।लेकिन सरकार ने हमारी मांगो को नजर अंदाज कर दिया।वही जिला अध्यक्ष ने बताया कि सरकार के वादा खिलाफी के विरोध में अपनी मांगों के समर्थन में 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर गांधी चौक से स्टेशन चौक तक मशाल जुलूस निकाला जाएगा।वही 5 अक्टूबर से सभी सेविका सहायिका अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे।बैठक में संयुक्त संघर्ष मोर्चा के संयोजक भारत यादव,शबनम आरा,सोनी खातून,पुष्पां देवी,सरस्ती देवी, सुमन कुमारी,रीना देवी,रेखा देवी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

संताल एक्सप्रेस के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई

# संताल एक्सप्रेस

वर्ष- 07 अंक - 11 दुमका | RNI NO. JHABIL/2018/76383 | www.santalexpress.com | 01 अक्टूबर 2024, मंगलवार | मूल्य : 2 रुपये

# सीएम ने धनबाद में झारखंड कौशल सम्मेलन में 36996 लाभुकों को सौंपा नियुक्ति पत्र

## सरकार की योजनाओं से लाभान्वित युवा खुले आसमान में उड़ने को तैयार : हेमन्त सोरेन

संवाददाता

**धनबाद ।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सोमवार को एरोड्रम ग्राउंड, बलियापुर, धनबाद में आयोजित झारखंड कौशल सम्मेलन-जॉब ऑफर लेटर सह रोजगार प्रोत्साहन एवं परिवहन भत्ता वितरण समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज प्रदेश के नौजवानों के लिए बेहद खास दिन है। इस ऐतिहासिक पल में जॉब ऑफर लेटर प्राप्त करने वाले युवक-युवतियों से यही कहूंगा कि अब आप खुले आसमान में उड़ने को तैयार है। सोरेन ने कहा कि देश-विदेश से आए विभिन्न कंपनियों के माध्यम से आज आपको जॉब ऑफर लेटर प्रदान किया जा रहा है। अब आपके पास भरपूर मौका है कि आप अपने आप को तराशकर रोजगार अर्जित करें। विभिन्न कंपनियों के सी.ई.ओ तथा एम.डी अब राज्य सरकार के साथ एम.ओ.यू कर आपके उज्जवल भविष्य की कामना कर रही है। मेरी ओर से भी आप सभी



को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्य के 36996 लाभुकों को जॉब ऑफर लेटर सौंपा, जिसमें 22399 महिला, 14593 पुरुष तथा 4 ट्रांसजेंडर शामिल रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के नौजवानों को हमारी सरकार ने विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से स्वरोजगार से जोड़ने का काम किया है। आने वाले दिनों में हमारी सरकार विशेष कर युवाओं का मार्ग प्रशस्त करने में सफल रहेगी। श्रम विभाग के माध्यम से राज्य में श्रम आवासीय स्कूल खुलेंगे। विशेष कर गरीब व मजदूर वर्ग के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार गठन के बाद हमारी सरकार की प्राथमिकता रही है कि किस प्रकार शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में आगे बढ़ सके। इसी के मद्देनज़र हमने प्रदेश के सभी जिलों में उत्कृष्ट विद्यालय खोले ताकि राज्य के गरीब, मजदूर व किसान के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो। सोरेन ने कहा कि झारखंड के नौजवानों को सरकारी एवं निजी क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध कराना हमारी सरकार की प्राथमिकता रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे राज्य के बहुत से नौजवानों ने निजी क्षेत्र की कंपनियों में 20 से 25 हजार रुपये की सैलरी से काम करना शुरू किया था, आज वही नौजवान लाखों रुपये की सैलरी में देश-विदेश की कई जाने-माने कंपनियों में विभिन्न पदों पर कार्यरत हैं।

## प्रसाद विवाद पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा-

# कम से कम भगवान को तो सियासत से दूर रखें

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को उन याचिकाओं पर सुनवाई की, जिनमें तिरुमाला स्थित श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में प्रसाद (लड्डू) बनाने में पशु चर्बी के इस्तेमाल के आरोपों की अदालत की निगरानी में जांच की मांग की गई है। सुनवाई के दौरान उच्चतम न्यायालय ने पूछा कि यह दिखाने के लिए क्या सबूत हैं कि लड्डू बनाने में मिलावटी घी का इस्तेमाल किया गया था। हम कम से कम इतनी उम्मीद करते हैं कि देवताओं को राजनीति से दूर रखा जाएगा। अगर जांच के आदेश दिए गए थे तो प्रेस में जाने की क्या जरूरत थी? तिरुपति लड्डू विवाद पर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने उच्चतम न्यायालय से कहा कि यह



आस्था का मामला है। अगर मिलावटी घी का इस्तेमाल किया गया है तो यह अस्वीकार्य है।

याचिकाकर्ता सुब्रमण्यम स्वामी का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता राजशेखर राव ने कहा कि वे एक भक्त के रूप में यहां आए हैं। प्रसाद में मिलावट के बारे में प्रेस में दिए गए बयान के दूरगामी परिणाम हो सकते हैं और इससे कई अन्य मुद्दे भी उठ सकते हैं। यही नहीं, इससे सांप्रदायिक सद्भाव भी बिगड़ सकता है। ये चिंता का विषय हैं। यदि भगवान के प्रसाद पर प्रश्नचिह्न है तो इसकी जांच होनी चाहिए। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र प्रदेश सरकार के वकील से कहा कि प्रयोगशाला की रिपोर्ट से पता चलता है कि जिस घी की जांच की गई, उसे दरकिनार कर दिया गया था। उसने राज्य से पूछा कि एसआईटी जांच के आदेश देने के बाद प्रेस में जाने की क्या जरूरत थी? सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र प्रदेश सरकार से यह भी पूछा कि एसआईटी जांच के नतीजे आने तक प्रेस में जाने की क्या ही जरूरत थी?

आंध्र प्रदेश सरकार से पूछे कई सवाल सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र प्रदेश सरकार से पूछा कि प्रसाद के लड्डू बनाने में दूषित घी का इस्तेमाल किया गया था।

## संक्षिप्त खबरें

### अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को दिया जाएगा दादा साहेब फाल्के पुरस्कार

**नई दिल्ली ।** फिल्म अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से नवाजा जाएगा। यह सम्मान उन्हें 8 अक्टूबर को 70वें राष्ट्रीय फिल्म समारोह में दिया जाएगा। सोमवार को केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोशल मीडिया में जानकारी साझा करते घोषणा कि मिथुन चक्रवर्ती को भारतीय सिनेमा में उनके प्रतिष्ठित योगदान के लिए दादा साहब फाल्के चयन जूरी ने उन्हें यह पुरस्कार देने का निर्णय लिया है। मिथुन दा की उल्लेखनीय सिनेमाई यात्रा पीढ़ियों को प्रेरित करती है। उन्हें 8 अक्टूबर, 2024 को आयोजित होने वाले 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में यह सम्मान दिया जाएगा।

### महाराष्ट्र में गाय को राज्यमाता का दर्जा

**मुंबई ।** महाराष्ट्र में चुनाव से पहले मुख्यमंत्री एकनाश शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। राज्य सरकार ने गाय को राज्यमाता का दर्जा दे दिया है। यह आदेश महाराष्ट्र की महायुती सरकार ने जारी कर दिया है। बता दें कि आज महाराष्ट्र सरकार की कैबिनेट मीटिंग हुई थी, जिसमें यह फैसला लिया गया है। यह फैसला जारी करते हुए कहा गया कि वैदिक काल से भारतीय संस्कृति में देशी गाय की स्थिति, मानव आहार में देशी गाय के दूध की उपयोगिता, आयुर्वेद चिकित्सा, पंचगव्य उपचार पद्धति तथा जैविक कृषि प्रणालियों में देशी गाय के गोबर एवं गोमूत्र के महत्वपूर्ण स्थान को ध्यान में रखते हुए देशी गायों को अब से राज्यमाता गोमाता घोषित करने की मंजूरी दी गई है।


### गांधी जयंती पर बंद रहेंगी मांस की दुकानें

**रांची ।** गांधी जयंती पर दो अक्टूबर को रांची नगर निगम क्षेत्र में पड़ने वाले सभी वधशालाओं को बंद रखने का निर्देश दिया है। रांची नगर निगम के अपर प्रशासक ने इस संबंध में सोमवार को आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार मांस, मछली और मुर्गा की दुकानों को बंद रखने का निर्देश दिया गया है। गांधी जयंती को जो भी मांस, मछली और मुर्गा बिक्री करते हुए पाए जाएंगे उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### हाईकोर्ट से सांसद निशिकांत दुबे को दो केस में राहत

रांची(ईएमएस)।झारखंड हाईकोर्ट ने गोड्डा के सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ 28 अक्टूबर तक पीड़क कार्रवाई पर रोक का आदेश दिया है।यह मामला देवघर स्थित परित्राण मेडिकल ट्रस्ट की संपत्ति बाबा बैद्यनाथ मेडिकल ट्रस्ट द्वारा खरीदे जाने से जुड़ा हुआ है।जिसमें उनके ऊपर शिवदत्त शर्मा की ओर से निशिकांत दुबे के खिलाफ जालसाजी का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज करवाई है। जिसे रद्द करने के लिए सांसद निशिकांत दुबे ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।इस मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट में दोनों मामलों की सुनवाई हुई।निशिकांत दुबे की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव, पार्थ जालान और शिवानी जालूका ने बहस की।वहीं दूसरा मामला लोकसभा चुनाव के दौरान जेएमएम का झंडा हटाकर भाजपा का झंडा लगाने से जुड़ा हुआ है।इस मामले में भी अदालत ने सांसद के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक का आदेश दिया है।

# रोटी, बेटी और माटी की रक्षा के लिए बनानी है झारखंड में सरकार, ले संकल्प : मोहन यादव



एस.के. झा. सुमन

**दुमका।** झारखंड के विधानसभा चुनाव की घोषणा के पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 1855 के संथाल विद्रोह के नेतृत्व करने वाले सिदो कान्हु के जन्मस्थली भोगनाडीह से भाजपा ने परिवर्तन यात्रा की शुरुआत 20 सितंबर से की। सोमवार को इस कार्यक्रम का समापन समारोह शहर के आउटडोर स्टेडियम में झारखंड के सत्ता का सिंह द्वार संथाल परगना का हृदय स्थल दुमका में किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में झारखंड के प्रथम पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा के अलावा भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ता की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को संथाली रीति रिवाज से स्वागत किया गया और समापन रोटी,बेटी और माटी की रक्षा के लिए बनानी है सरकार के संकल्प के साथ गांव-गांव से एकत्रित की गई भाजपा महिला कार्यकर्ताओं के द्वारा एकत्रित मिट्टी मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को सौंपा।

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने जनता से इस कार्यक्रम के माध्यम से संकल्प लेकर जाने कहा की हेमंत सरकार उखाड़ फेंकना है। क्योंकि यह सरकार भ्रष्टाचार के सभी पैमाने को पार कर गया है। यह सरकार सिर्फ झूठ के सहारे चल रही है।

पूर्व मुख्यमंत्री सह पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि दुमका की धरती से समापन समारोह हम सबको संकल्प लेते हुए यहां से जाना है जिसमें राज्य में हो रहे भ्रष्टाचार, महिलाओं के साथ अत्याचार, युवाओं के साथ खिलवाड़ और जनता के साथ हो रहे धोखे का जवाब देने के लिए परिवर्तन करना है।

परिवर्तन यात्रा के समापन समारोह में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार अभी नई-नई योजनाओं की घोषणा कर रही है जब उन्हें पूरा कार्यकाल काम करने का अवसर मिला तो वह कहां थे।

भाजपा नेत्री सीता सोरेन ने झामुमो सरकार पर हमला करते हुए कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार ने जल, जंगल और जमीन को लूटने का काम किया। 4~30 साल यह सरकार सिर्फ अपने विकास में लगी रही जनता को बदहाल छोड़ दिया। अब चुनाव के समय में सरकार जागी है। अगर यह सरकार बनी तो सब मैया को सड़क पर छोड़ देगी हमारी सरकार बनी तो मैया को 2000 और भैया का भी ।

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ लुईस मरांडी ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि हेमंत सरकार ने सिर्फ जनता को बरगलाने में ही अपनी पूरी ऊर्जा खापा दी है। भाजपा के द्वारा चलाए गए बहुत सारी योजनाओं को इन्होंने ठप्प कर दिया है इसलिए इस सरकार को परिवर्तन करना है ताकि जनता का विकास हो सके।

# भाजपा की सोच है कि कोई भ्रष्टाचारी दूसरी पार्टी में नहीं भाजपा में रहना चाहिए : बघेल

संवाददाता

**रांची ।** प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में संवाद विधानसभा चुनाव 2024 का आयोजन सोमवार को ललगुटवा में हुआ।

मुख्य मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि संवाद आपके साथ कार्यक्रम के कारण पूरे झारखंड के लोगों और जमीनी हकीकत से संगठन रूबरू हुआ, यह समय की जरूरत थी। कभी-कभी चुनावी रणनीति और समीकरण अपने पक्ष में होने के बाद भी बूथ स्तर पर कार्य नहीं होने से चुनाव में हार हो सकती है, एक प्रतिशत मत भी सरकार बना बिगाड़ सकते हैं। कांग्रेस को कांग्रेस ही हराती है, इस मुहावरे को गलत साबित करना। मौके पर छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि पिछले चुनाव में भाजपा ने सीएए और एनआर सी को मुद्दा बनाया, लेकिन आज वह मुद्दे हवा हो गए हैं। पिछले चुनाव में झारखंडी जनता ने भाजपा के मुद्दों को करारा जवाब दिया



और यहां की सत्ता बदल दी। मोदी सरकार में ऐसी कोई पार्टी नहीं है, जिसके नेताओं के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई हो। भाजपा की सोच है कि कोई भ्रष्टाचारी दूसरी पार्टी में नहीं भाजपा में रहना चाहिए। जम्मू कश्मीर में अमित शाह वादा करते हैं कि ईद में दो सिलेंडर मुफ्त देंगे और झारखंड में मुसलमान का विरोध करते हैं। जम्मू कश्मीर और हरियाणा भाजपा निश्चित रूप से हार रही है, महाराष्ट्र, झारखंड हारी तो मध्यावधि चुनाव तय है और यदि यह हुआ तो भाजपा 20 वर्षों तक खड़ा नहीं हो पाएगी।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि अंग्रेजों को भगाने के लिए बापू ने दांडी यात्रा की सांप्रदायिक और विध्वंसकारी ताकतों को भगाने के लिए राहुल गांधी ने कन्याकुमारी से कश्मीर और मणिपुर से मुंबई तक यात्रा की। इसका फल है कि मजबूत विपक्ष के रूप में हम देश में उभरे हैं। चुनाव के लिए बहुत से लोगों ने आवेदन दिया। लेकिन टिकट किसी एक को मिलेगा बाकी लोगों को उस उम्मीदवार को जिताना है।

# शशि प्रकाश सिंह जामताड़ा व मनीष कुमार बने पाकुड़ के डीसी

## मंजूनाथ भजंत्री बने रांची के डीसी





संवाददाता

**रांची ।** राज्य सरकार ने छह आइएएस अफसरों का तबादला कर दिया।इसमें चार जिलों के डीसी को भी बदल दिया है। मंजूनाथ भजंत्री को रांची जिले के उपायुक्त की कमान सौंपी गई है। वहीं शशि प्रकाश सिंह को जामताड़ा, उत्कर्ष गुप्ता को लातेहार और मनीष कुमार को पाकुड़ के उपायुक्त की जिम्मेवारी सौंपी गई है। पवन कुमार को उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल का प्रमंडलीय आयुक्त बनाया गया है।रंजीत कुमार लाल को उर्जा उत्पादन निगम के एमडी की जिम्मेवारी सौंपी गई है।कार्मिक ने इसका आदेश जारी कर दिया।

# इस विस चुनाव में भाजपा की सरकार बनानी है, एक नया झारखंड बनाना है : हिमंता

संवाददाता

**रांची ।** असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि आज हमारे लिए एक ऐतिहासिक दिन है। हमने 20 सितंबर को भोगनाडीह से परिवर्तन यात्रा की शुरुआत की थी और आज यह यात्रा अपने अंतिम चरण में है। दो अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हजारीबाग आएंगे और इसके साथ झारखंड विधानसभा चुनाव का बिगुल बज जाएगा। हमें इस विधानसभा चुनाव में भाजपा की सरकार बनानी है। एक नया झारखंड बनाना है।

हिमंता बिस्वा सरमा सोमवार को टाटीसिल्वा में आयोजित



परिवर्तन यात्रा के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जब रघुवर दास की सरकार थी तब झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) ने जनता से कई वादे किए थे। उन्होंने लोगों को विश्वास दिलाया कि यदि जेएमएम की सरकार बनेगी, तो आदिवासी और मूलवासियों का कल्याण होगा। वर्ष 2019 में जेएमएम के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने वादा किया था कि यदि उनकी सरकार बनती है, तो 5 लाख लोगों को नौकरी दी जाएगी लेकिन हर बार परीक्षा के पेपर लीक हो जाते हैं और युवाओं को नौकरी नहीं मिलती।

सरमा ने कहा कि असम में मैंने 1.5 लाख लोगों को नौकरी दी है और एक भी पेपर लीक का आरोप नहीं लगा है जबकि झारखंड में हर परीक्षा के पेपर लीक हो जाते हैं, जिससे युवाओं को रोजगार नहीं मिल पा रहा है।

# झारखंड में नहीं बढ़ेगी बिजली दर, मीटर रेंट भी हुआ माफ

संवाददाता

**रांची ।** झारखंड सरकार ने बिजली उपभोक्ताओं को बड़ा उपहार दिया है।झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग की बैठक में फैसला लिया गया है कि बिजली के दर में कोई वृद्धि नहीं होगी।साथ ही उपभोक्ताओं के लिए दूसरी राहत की बात ये है कि उन्हें अब मीटर का रेंट भी नहीं होगा।आयोग का कहना है कि बिजली की सप्लाई में सुधार नहीं होने की वजह से बिजली दर में बढ़ोत्तरी नहीं की गयी है।यहां बता दें कि झारखंड बिजली वितरण निगम ने बिजली दर बढ़ोत्तरी का प्रस्ताव रखा था। जिसपर आज झारखंड



राज्य विद्युत नियामक आयोग ने फैसला लिया।जिससे उपभोक्ताओं को राहत मिली है।आयोग के सचिव ने नियामक आयोग जेबीवीएनएल के प्रस्ताव पर सुनवाई की और वित्तीय वर्ष 2023-24 और 2024-25 के बिजली दर बढाने के प्रस्ताव को नामंजूर कर दिया।

# मुंबई में दिल का दौरा पड़ने से हर 55 मिनट में एक की मौत

## 25 से 35 वर्ष की आयु के युवाओं को सबसे अधिक खतरा

एजेंसी

**मुंबई ।** मुंबई में दिल का दौरा पड़ने से हर दिन 27 लोगों की मौत हो जाती है। इसका मतलब है कि हर 55 मिनट में एक व्यक्ति की मौत होती है। यह चौंकाने वाली जानकारी मुंबई महानगरपालिका के स्वास्थ्य विभाग की 2023 की रिपोर्ट से सामने आई है। सभी मौतों में से 11 प्रतिशत मौतें दिल के दौरे से होती हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि दिल के दौरे की सबसे अधिक घटनाएं 40 वर्ष की आयु वर्ग में होती हैं। वर्तमान समय में कई बीमारियाँ गलत जीवनशैली और अनुचित खान-पान



के कारण होती हैं। इनमें मधुमेह, कोलेस्ट्रॉल और हृदय संबंधी समस्याएं शामिल हैं। लेकिन ऐसा लगता है कि पिछले कुछ सालों में मुंबईकरों का स्वास्थ्य अधिक खतरे में पड़ गया है। मालूम हो कि रविवार को विश्व हृदय दिवस के अवसर पर मुंबई मनपा की कार्यकारी स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दक्षा शाह के अनुसार, कुछ वर्षों से मौतों का प्रतिशत और साथ ही कुल संख्या लगभग स्थिर रही है। 2021 में दिल के दौरे से मरने वालों की संख्या 10,683 थी, जबकि 2022 में यह संख्या 9,470 और 2023 में 10,077 थी।

**- डब्ल्यूएचओ के सर्वे से क्या निकला?**

डब्ल्यूएचओ स्टेप्स सर्वेक्षण से पता चला कि 18 से 69 वर्ष के आयु वर्ग के 34 प्रतिशत मुंबईकरों को उच्च रक्तचाप था। जबकि 18 प्रतिशत मधुमेह और 21 प्रतिशत उच्च कोलेस्ट्रॉल स्तर के लिए दवा ले रहे थे। इसी तरह, 37 प्रतिशत मुंबईवासियों में धूम्रपान, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, मोटापा हृदय रोगों के जोखिम कारकों में से एक पाया गया है।

**- युवा वयस्कों में दिल का दौरा पड़ने की दर**

मुंबई के एक निजी अस्पताल में 2021 और 2023 के बीच की गई एंजियोप्लास्टी के अध्ययन से पता चला कि 25-35 वर्ष की आयु के रोगियों में दिल के दौरे की संख्या में वृद्धि हुई है।

# महिलाओं की सुरक्षा के मामले को गंभीरता से लेना होगा : हाईकोर्ट




संवाददाता

**रांची ।** झारखंड के अलग-अलग जिलों में महिलाओं और स्कूली बच्चों समेत नाबालिग लड़कियों के साथ बढ़ते अपराध पर रोक के लिए दायर जनहित याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सोमवार की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए समय देने का आग्रह किया गया, जिसे स्वीकार करते हुए अदालत ने मामले की सुनवाई के लिए गुरुवार की तिथि निर्धारित की है। अदालत ने मौखिक रूप से कहा कि महिलाओं की सुरक्षा और उनके खिलाफ अपराध की घटनाओं को गंभीरता से लेना होगा। हाईकोर्ट की महिला अधिवक्ता भारती कौशल ने इस संबंध में जनहित याचिका दायर की है।राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता गौरव कुमार ने इस मामले में पक्ष रखा। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस और जस्टिस दीपक रौशन की खंडपीठ इस मामले की सुनवाई कर रही है।

## हरियाणा को नहीं चाहिए अडाणी सरकार : राहुल

**नारायणगढ़ (एजेंसी)।** राहुल गांधी की हरियाणा में दो दिन हरियाणा विजय संकल्प यात्रा निकाल रहे हैं। सोमवार को पहले दिन यह यात्रा नारायणगढ़ से शुरू हुई है और शाम 6 बजे थानेसर पहुंची। इस दौरान उन्होंने भाजपा और मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला। राहुल ने नारायणगढ़ की जनसभा में कहा कि हरियाणा में मुकाबला भाजपा-कांग्रेस का है। बाकी छोटी-छोटी पार्टियां सब भाजपा की हैं। अग्निवीर स्कीम जवानों की पेंशन चोरी का तरीका है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में अडाणी की सरकार नहीं चाहिए। किसानों, मजदूरों की सरकार बनेगी। जब भी मेरी जरूरत है, भाषण देना हो। आपको सिर्फ ऑर्डर देना है, मैं हाजिर हो जाऊंगा। इस यात्रा में राहुल के साथ बहन प्रियंका गांधी भी हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री 10 साल पुराने आरोप लगा रहे हैं।

# विदेश में भारतीय प्रवासियों की चुनौतियाँ और योगदान

अमेरिका में प्रवासी भारतीय समुदाय वहां की सामाजिक एवं आर्थिक गतिविधियों में जिस तरह से क्रियाशील हैं। उसके बाद से वहां के राजनेताओं का झुकाव भारतीय समुदाय के साथ अपने रिश्ते को मजबूत बनाने मे हुआ है। पिछले कुछ वर्षों मे राष्ट्रपति चुनाव से लेकर स्थानीय चुनाव में भारतीयों की भूमिका महत्वपूर्ण हुई है। हाल ही के राष्ट्रपति चुनाव मे कमला हैरिस और डोनाल्ड ट्रंप दोनों ही, भारतीय समुदाय के समर्थन के लिए एड़ी चोटी का पसीना बहा रहे हैं। वहीं अमेरिका के नस्लवाद और कट्टर धार्मिक चरमपंथियों के कारण प्रवासी भारतीयों को चुनौती का सामना भी करना पड़ रहा है। अमेरिका में बसे भारतीय प्रवासियों की संख्या पिछले कुछ दशकों में तेजी से बढ़ी है। 2010 से 2020 के बीच की अवधि में प्रवासी भारतीयों की संख्या एरिजोना में 74त्न और जॉर्जिया में 67त्न तक बढ़ गई है। प्रवासी भारतीयों की व्यापक उपस्थिति, बढ़ती राजनीतिक एवं आर्थिक शक्ति को दर्शाती है। इस बदलाव के कारण अमेरिका में प्रवासी भारतीयों को चुनौती भी मिलना शुरू हो गई है। इसका संतुलन किस तरह से बनेगा, इसको लेकर भारतीयों मे चिंता भी बढ़ गई है। भारतीय प्रवासियों का अमेरिका के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। 20वीं सदी के प्रारंभ से भारतीयों ने अमेरिका और अन्य देशों मे जाकर व्यापार और नौकरी करना शुरू कर दिया था। 1913 में पहला ग़दर आंदोलन ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का हिस्सा बनकर, प्रवासियों की स्थिति को मजबूत बनाया है। समय के साथ, भारतीय प्रवासी न केवल आर्थिक रूप से विदेशों में सशक्त हुए। अमेरिका और अन्य देशों मैं भारतीय प्रवासियों ने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी विशिष्ट पहचान भी बनाई। वर्तमान में, भारतीय प्रवासी समाज कई देशों में वहां की आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक स्थिति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गए हैं। भारत से बाहर रहकर भी वह अपनी मातृभूमि के साथ पारिवारिक धार्मिक एवं सांस्कृतिक संबंधों के कारण मजबूती के साथ जुड़े हुए हैं। विदेश में रहते हुए उन्होंने आर्थिक, शैक्षणिक, और तकनीकी क्षेत्र में वहां पर भागीदारी करते हुए, भारत के विकास में बड़ा योगदान दिया है। बड़ी संख्या में भारतीय प्रवासी अमेरिकी मे आईटी, उद्योग, चिकित्सा और शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रहे हैं। जिससे दोनों देशों के बीच सहयोग भी बढ़ा है। इन दिनों सारी दुनिया के देशों में जिस तरह से नस्लवाद, सांस्कृतिक एवं धार्मिक आधार पर संघर्ष, अप्रवासन नीतियों में आए बदलावों ने प्रवासियों के जीवन को प्रभावित करना शुरू कर दिया है। ट्रंप प्रशासन के दौरान कठोर अप्रवासन नीतियों ने भारतीय प्रवासियों के लिए नई चुनौतियाँ खड़ी की थीं। विशेष रूप से, एच1-बी वीज़ा और ग्रीन कार्ड जैसी प्रक्रियाओं में कड़े नियम प्रवासी भारतीयों के लिए मुश्किल बन गये थे। इन सबके बावजूद, भारतीय प्रवासियों ने अमेरिका में हर चुनौती का सामना करते हुये नई ऊँचाइयाँ हासिल की हैं। प्रवासी भारतीयों की सफलता केवल व्यक्तिगत विकास तक सीमित नहीं है। प्रवासी भारतीयों ने दोनों देशों के बीच में संबंधों को बढ़ाने में भी विशेष योगदान दिया है।

# अपने आप में अद्भुत है धर्म के प्रति सत्ता का भारतीय दृष्टिकोण

**गौतम चौधरी**

भारत, दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। वैसे दुनिया के अधिकतर देश लोकतांत्रिक मूल्यों को आत्मसात किए हुए है लेकिन भारत उन तमाम मुल्कों से भिन्न है। यहां के लोकतंत्र की सराहना दुनियाभर में होती है। यदि दुनिया के प्रभावशाली लोकतांत्रिक देशों की बात करें तो संयुक्त राज्य अमेरिका का नाम सबसे उपर है। अमेरिका के संविधान की प्रस्तावना में ही यह कहा गया है कि वह दुनिया में लोकतांत्रिक मूल्यों की स्थापना के लिए कृतसंकल्पित है। बावजूद इसके अमेरिका में आबतक ईसाई छोड़ कोई दूसरे धर्म का व्यक्ति राष्ट्रपति नहीं चुना गया। दुनिया के तमाम ईसाई बाहुल्य देशों में ऐसी ही व्यवस्था है। वहां किसी गैर ईसाई को राजनीतिक या प्रशासनिक शीर्ष पर पहुंचना आज भी नामुमकिन है। यदि किसी विशेष परिस्थिति में वह वहां पहुंच भी गया तो उसका टिकना आसान नहीं है। इसके कई उदाहरण हैं। उसी प्रकार मुस्लिम देशों में भी गैर-इस्लामिक व्यक्ति को सत्ता के शीर्ष पर नहीं पहुंचने दिया जाता है। अधिकतर मुस्लिम बाहुल्य देशों के संविधान में यह बात दर्ज है। दुनिया के एक मात्र देश भारत ही है, जहां सत्ता धर्म की परीधि से बाहर है। यह सत्ता पर धर्म का प्रभाव नाम मात्र का है। हालांकि कई बार ऐसा लगता है कि सत्ता पर धर्म हावी हो गया है लेकिन बार-बार भारत का लोकतांत्रिक मूल्य इस महान लड़ाई को जीतता आ रहा है। धर्मनिरपेक्षता के के मामले में भारत का दृष्टिकोण दुनिया के अन्य लोकतांत्रिक देशों से अलग है, जो इसकी समृद्ध सांस्कृतिक और धार्मिक विविधता को दर्शाता है। भारत में एक विविध धार्मिक परिदृश्य साफ तौर पर दिखाई देता है। यह भारतीय संविधान में स्पष्ट रूप से दिखता है। भारत का संविधान धर्म और राजसत्ता को अलग-अलग करके परिभाषित करता है। भारत की सत्ता में धर्म का कोई हस्तक्षेप नहीं है। हालांकि कुछ ऐसे मामले हैं, जिसमें समाज के परंपरा का आदर करना स्वाभाविक हो जाता है। संविधान में एक जगह यह भी कहा गया है कि ''परंपरा विधि का बल है'', इस दृष्टि से समय-समय पर परंपरा के हित को लेकर बाते उठती रहती है और इसके लिए कभी-कभी सत्ता को परंपरा के सामने झुकना पड़ता है लेकिन अमूमन सत्ता और धर्म आपस में तालमेल बिठाकर ही काम करते हैं। पाकिस्तान या किसी अन्य पड़ोसी देश की तरह भारत में सत्ता पर धर्म हावी नहीं है।

भारत की धर्मनिरपेक्षता उसके ऐतिहासिक संदर्भ में निहित है। जहां धार्मिक बहुलवाद लंबे समय से राष्ट्र की एक परिभाषित विशेषता रही है। यह देश हिंदू सहित विभिन्न प्रकार के धार्मिक समुदायों का घर है। मुस्लिम, ईसाई, सिख, बौद्ध, जैन और कई अन्य मान्यता के लोग यहां निवास करते हैं। इस बहुलवाद ने एक अलग तरह की धर्मनिरपेक्षता की आवश्यकता पैदा कर दी है, जो धर्म और राज्य के बीच कठोर अलगाव पर जोर नहीं देती है, बल्कि सभी धर्मों के लिए समान सम्मान और व्यवहार का लक्ष्य रखती है। संयुक्त राज्य अमेरिका के विपरीत, जो गैर-स्थापना के सिद्धांत का पालन करता है, भारत में धर्म और राज्य के बीच अलगाव की दीवार नहीं है। इसके बजाय, राज्य सभी धर्मों के प्रति तटस्थता और समान व्यवहार का भाव रखता है। धर्मनिरपेक्षता के इस मॉडल की अक्सर प्रशंसा की गई है क्योंकि यह सार्वजनिक क्षेत्र में सभी धार्मिक समुदायों को शामिल करने की अनुमति देता है। यह मॉडल, विभिन्न समूहों के बीच अपनेपन की भावना को बढ़ावा देता है। भारतीय संविधान धर्म की स्वतंत्रता की गारंटी देता है और धार्मिक आधार पर भेदभाव पर रोक लगाता है। यह धार्मिक मामलों में एक निश्चित स्तर के राज्य के हस्तक्षेप की भी अनुमति देता है। यह कई प्रावधानों में राज्य को सार्वजनिक व्यवस्था के हित में कुछ कालबाह्य धार्मिक प्रथाओं को विनियमित या प्रतिबंधित करने की भी अनुमति देता है। संविधान का अनुच्छेद 25 धर्म को मानने, आचरण करने और प्रचार करने की स्वतंत्रता की गारंटी देता है लेकिन राज्य और जन के हित में कुछ अधिकारों पर प्रतिबंध लगाने की भी अनुमति देता है। इसके अलावा, भारतीय राज्य धार्मिक संस्थानों के प्रशासन में सक्रिय भूमिका निभाता है। धार्मिक बंदोबस्त, मंदिरों और तीर्थ स्थलों को नियंत्रित करने वाले कानूनों में अक्सर राज्य की निगरानी के प्रावधान शामिल होते हैं। उदाहरण के लिए, केरल और तमिलनाडु जैसे कुछ राज्यों में हिंदू मंदिरों का प्रबंधन राजसत्ता के हाथ में है। यही नहीं अब तो कई राज्यों में इस मामले को लेकर सहकारी समितियां, धार्मिक न्यास या फिर बोर्ड निगम भी बना दी गयी है। यह दृष्टिकोण सामाजिक सुधार और सार्वजनिक कल्याण की आवश्यकता के साथ धार्मिक स्वतंत्रता को संतुलित करने के भारत के प्रयास को दर्शाता है।धर्मनिरपेक्ष भारत में धार्मिक अल्पसंख्यकों को प्राप्त अधिकारों की तुलना पड़ोसी धर्म-आधारित राज्यों के साथ करने पर, स्पष्ट भेद दिखता है। भारत, अपनी चुनौतियों के बावजूद, धार्मिक स्वतंत्रता और कानून के तहत समान व्यवहार की संवैधानिक गारंटी प्रदान करता है। भारत में मुस्लिम, ईसाई, सिख और अन्य जैसे धार्मिक अल्पसंख्यकों को अपने स्वयं के शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना और प्रबंधन करने, अपने पूजा स्थलों का प्रबंधन करने और अपने धार्मिक रीति-रिवाजों का पालन करने का अधिकार है। इसपर राज्य का नियंत्रण नाममात्र को होता है। ऐसे मामलों में सरकार सहयोगी की भूमिका निभाती है। इसके विपरीत, पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश जैसे पड़ोसी देश, जो मुख्य रूप से मुस्लिम हैं और वहां का यह राज्य धर्म है, अक्सर अल्पसंख्यकों की धार्मिक प्रथाओं पर प्रतिबंध लगाते हैं। उदाहरण के लिए, पाकिस्तान में हिंदू, ईसाई और अहमदी जैसे धार्मिक अल्पसंख्यक कानूनी और सामाजिक भेदभाव का लगातार शिकार हो रहे हैं। पाकिस्तान में ईशनिंदा कानून धार्मिक अल्पसंख्यकों को निशाना बनाने के लिए इस्तेमाल में लाया जा रहा है। जिसके तहत इस्लामी मान्यताओं को ठेस पहुंचाने के आरोपियों को मौत सहित गंभीर दंड का प्रावधान है। विशेष रूप से अहमदियों को संवैधानिक रूप से गैर-मुस्लिम घोषित किया गया है और उन्हें खुद को मुस्लिम कहने या खुले तौर पर अपने विश्वास का पालन करने से प्रतिबंधित किया गया है। इसी तरह, बांग्लादेश में भी अल्पसंख्यकों निशाना बनाया जा रहा है, जबकि संविधान ने शुरू में धर्मनिरपेक्षता की घोषणा की गयी थी। बाद में इस्लाम को राज्य धर्म घोषित किया गया। हालाँकि हिंदू और ईसाई जैसे धार्मिक अल्पसंख्यकों को कुछ संवैधानिक सुरक्षा प्राप्त है, फिर भी उन्हें अक्सर सामाजिक भेदभाव और हिंसा का सामना करना पड़ता है। उदाहरण के लिए, निहित संपत्ति अधिनियम का उपयोग ऐतिहासिक रूप से हिंदू स्वामित्व वाली संपत्ति को जब्त करने के लिए किया जाता है। इस कानून के कारण बांग्लादेशी हिन्दू आर्थिक दृष्टि से हाशिए पर ढकेले जा रहे हैं। इस ममले में भारत का मॉडल बेहतर है। हालांकि इस मॉडल में भी थोड़ी खामी है लेकिन अन्य की अपेक्षा तो यह बेहतर है। भारत, अपने पड़ोसियों के साथ विरोधाभास चिंतन के मध्य अपने क्षेत्र में धर्मनिरपेक्ष राज्य बनाए रखने की चुनौतियों और जटिलताओं का सामना कर रहा है। उन देशों में धर्म अक्सर राष्ट्रीय पहचान में केंद्रीय भूमिका निभाता है, जबकि भारत में ऐसी कोई बात नहीं है। भारत के इस सफर में यहां की न्यायपालिका ने भी बड़ी भूमिका निभाई है। भारत की न्यायपालिका ने धर्म और राज्य के बीच जटिल संबंधों को सुलझाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। ऐतिहासिक एसआर बोम्मैव वाले मामले में वर्ष 1994 में सर्वोच्च न्यायालय ने भारतीय राज्य की धर्मनिरपेक्ष प्रकृति की पुष्टि करते हुए फैसला सुनाया कि ''धर्मनिरपेक्षता संविधान की मूल संरचना का हिस्सा है और इसे संसदीय संशोधनों द्वारा नहीं बदला जा सकता है।'' न्यायपालिका ने भारतीय धर्मनिरपेक्षता की अनूठी प्रकृति को भी मान्यता दी है, जो धर्म को सार्वजनिक क्षेत्र से पूरी तरह से बाहर नहीं करती है।

धर्मनिरपेक्षता के प्रति भारत का दृष्टिकोण धार्मिक विविधता का सम्मान करना, एक तटस्थ व गैर-धार्मिक राज्य बनाए रखने के लिए संतुलन बनाना है। जैसे-जैसे भारत एक लोकतंत्र के रूप में विकसित हो रहा है, धर्म और राज्य के बीच उचित संबंध पर बहस जारी है। धर्मनिरपेक्षता का भारतीय मॉडल, हालांकि अपूर्ण है, लोकतांत्रिक ढांचे के भीतर अपनी विशाल धार्मिक विविधता के प्रबंधन के लिए देश की प्रतिबद्धता प्रमाण बना हुआ है। भारत की धर्मनिरपेक्षता का भविष्य इस बात पर निर्भर करेगा कि वह इन जटिल गतिशीलता से कैसे निपटता है, यह सुनिश्चित करता है कि लोकतंत्र और न्याय के सिद्धांतों को बनाए रखते हुए सभी धर्मों के साथ समान सम्मान के साथ व्यवहार किया जाए।

## पाकुड़ /रांची की खबरें

### झारखंड युवा सदन 4.0 में विधायक का नेतृत्व किया सरफराज और शाहबाज, सत्ता पक्ष और विपक्ष की निभाई भूमिका



**पाकुड़।** झारखंड युवा सदन 4.0 में तीन दिवसीय कार्यक्रम में शामिल हुए पाकुड़ जिला के ईलामी गांव के सरफराज आलम और शाहबाज हुसैन। इस वर्ष 27 सितंबर से 29 सितंबर तक तीन दिवसीय युवा सदन के कार्यक्रम में विधायक का नेतृत्व किया और सदन में महत्वपूर्ण विधेयक पर चर्चा में भाग लिए। इस बार झारखंड युवा सदन 4.0 में मानव तस्करी रोकथाम विधेयक बिल का प्रस्ताव रखा गया। जिस पर सदन में चर्चा हुआ। इस प्रस्ताव पर सत्ता पक्ष की तरफ से सरफराज आलम ने अपनी बात रखी जबकि विपक्ष की तरफ से शाहबाज हुसैन को बात रखने का मौका मिला। जिसमें विधेयक पर अपना समर्थन करते हुए सरफराज आलम ने इस बिल को मानवता के कल्याण, मानव तस्करी में रोकथाम आदि पक्ष रखा। जबकि शाहबाज हुसैन ने बिल में कुछ त्रुटियों को गिनाया और संशोधन करने का विपक्ष की ओर से अपनी बात रखा। अंत में मानव तस्करी रोकथाम विधेयक 2024 को सदन से पास किया गया। इसके अलावा शिक्षा, स्वास्थ, पलायन, रोजगार, बिजली, पानी जैसी मूलभूत समस्यायों पर भी बात रखें। सरफराज आलम और शाहबाज हुसैन रिश्ते में दोनों चचेरे भाई हैं और एक ही परिवार से दोनों का चयन झारखंड युवा सदन 4.0 में हुआ है। सदर प्रखंड के ईलामी गांव के रहने वाले सरफराज आलम पढ़ाई के साथ-साथ राजनीति को जानने और समझने में भी रुचि रखते हैं। यह मौका सरफराज के लिए काफी मायने रखता है। जबकि शाहबाज हुसैन स्कूल लाइफ से ही राजनीति और समाज सेवा में रुचि रखते हैं। इससे पूर्व रांची के डोरंडा कॉलेज से छात्र संघ का चुनाव भी लड़ चुके हैं और वर्तमान में रांची विश्वविद्यालय में मुस्लिम स्टूडेंट फेडरेशन के अध्यक्ष भी है। झारखंड युवा सदन का आयोजन खेल एवं युवा मंत्रालय विभाग झारखंड सरकार के सहयोग से हर वर्ष आयोजित किया जाता है। जिसका उद्देश्य राज्य के सभी 81 विधान सभा क्षेत्र से उन युवाओं को चुनना है, जो लोक एवं सामाजिक हितों का चिंतन करता है। ऐसे सामाजिक हित और राजनीतिक प्रतिभा वाले युवाओं को एक राज्य स्तर के मंच पर लाकर राजनीति के बारे में प्रेरित करना है। ताकि राजनीति से जुड़कर समाज और राज्य में बेहतर विजन और मुद्दा उठाकर राज्य का विकास में योगदान दे सकें। इस कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता रिसहीन्द्र विक्रम सिंह, सांसद सुखदेव भगत, पूर्व सांसद सुबोधकांत सहाय और अन्य द्वस अधिकारी भी शामिल हुए।

### अवैध पार्किंग को लेकर डीटीओ ने वसूला 14 हजार 700 रूपए का जुर्माना

**पाकुड़।** उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल के निर्देशानुसार पाकुड़ शहर को जाम मुक्त बनाने हेतु कई दिशा निर्देश अनुमंडल पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, नगर परिषद प्रशासक एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी को दिए गए हैं। उक्त निर्देश के आलोक में रविवार देर शाम को अनुमंडल पदाधिकारी साईमन मरांडी, जिला परिवहन पदाधिकारी संजय पीएम कुजूर एवं प्रशासक, नगर परिषद राजकमल मिश्रा के द्वारा पाकुड़ नगर थाना से गांधी चौक तक अतिक्रमण एवं अवैध वाहन पार्किंग को लेकर जांच अभियान चलाया गया। तथा आम लोगों से अपील की गई की सड़क तक दुकान का फैलाव ना करें तथा अपने निर्धारित स्थल पर ही दुकान को लगाए। सड़क पर बने सफेद पट्टी से तीन फीट छोड़कर ही अपने वाहन का पार्किंग करें अन्यथा आपके वाहन के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत् आर्थिक दंड की राशि वसूल की जाएगी। इस दौरान 11 दो पहिया एवं 1 चार पहिया वाहनों से अवैध पार्किंग को लेकर 14 हजार 700 रुपए का जुर्माने की राशि वसूल की गई तथा सभी को अंतिम हिदायत दिया गया कि इस तरह का परिचालन एवं अतिक्रमण न करें, अन्यथा अन्य कानूनी कार्रवाई करने हेतु जिला प्रशासन बाध्य होगा।

### बिसनपुर गाँव में घर जमाई की मौत

अमड़ापाड़ा (पाकुड़ )थाना क्षेत्र के आलूबेड़ा बिसनपुर में एक दुखद घटना घटी। घर जमाई चुड़का मरांडी का निधन हो गया। स्थानीय पुलिस को सूचित किए जाने के बाद, तुरंत कार्रवाई करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए पाकुड़ भेज दिया गया और बाद में परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस निरीक्षक अनूप रौशन भेंगरा ने बताया कि घटना की जांच जारी है। उन्होंने कहा कि अभी तक कोई लिखित आवेदन नहीं मिला है, लेकिन अगर परिजनों द्वारा आवेदन दिया जाता है, तो आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### अवैध खनन, अवैध परिवहन, अवैध भंडारण पर अंकुश लगाने को लेकर डीसी ने दिया निर्देश

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**पाकुड़।** उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल ने अवैध कोयला, अवैध पत्थर, अवैध बालू उठाव, अवैध खनन, अवैध भंडारण के रोकथाम के लिए पूर्व के बैठक में लिए गए निर्णय के अनुपालन की बिन्दुवार समीक्षा करतें हुए माइनिंग इंस्पेक्टर के द्वारा की गई कार्रवाई का ब्यौरा लिया। साथ ही माइनिंग इंस्पेक्टर को अवैध खनन करने वालो पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि चेकपोस्ट पर प्रतिनियुक्त कर्मियों को सख्त निर्देश दिया जाए कि कोई भी अवैध माइनिंग, परिवहन हुआ तो प्रतिनियुक्त कर्मियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त ने जिला खनन टास्क फोर्स के पदाधिकारी व सदस्यों को क्षेत्रों का भ्रमण कर औचक निरीक्षण करने को कहा। अवैध खनन व परिवहन कार्य में कोई भी लोग संलिप्त पाए जाते हैं तो उसके विरुद्ध त्वरित कार्रवाई करने को कहा। साथ ही उपायुक्त ने अंचलाधिकारी एवं थाना



प्रभारी को निर्देश दिया कि सप्ताह में दो बार रेंडमली चेकपोस्ट का निरीक्षण करें। निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी फुटेज की जांच करेंगे की कितने वाहन का चलान की जांच की गई। जिले में अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन को रोकने हेतु विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करते हुए उपायुक्त ने अनुमंडल पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, अंचलाधिकरियों व थानेदारों को निर्देशित किया कि आपस में समन्वय स्थापित कर औचक छापेमारी की जाए ताकि अवैध खनन करने वाले लोगों पर पूरी तरह से अंकुश लगाया जा सके।इस बैठक में पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन, अनुमंडल पदाधिकारी साईमन मरांडी, जिला परिवहन पदाधिकारी संजय पीएम कुजूर, पाकुड़, महेशपुर एसडीपीओ, माइनिंग इंस्पेक्टर सुबोध कुमार, सभी अंचलाधिकारी एवं सभी थाना प्रभारी समेत अन्य उपस्थित थे।


### एसबीयू में विद्यार्थियों का विदाई समारोह





रांची। सरला बिरला विश्वविद्यालय में सोमवार को नर्स स्टूडेंट्स एसोसिएशन चुनाव के साथ ही वर्ष 2021 बैच के जीएनएम और 2024 बैच के एएनएम विद्यार्थियों का विदाई समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नर्सिंग की प्राचार्या डॉ सुबानी बाड़ा, संस्थान के प्रशासक आशुतोष द्विवेदी, उप प्राचार्या मीनल श्वेता समेत संस्थान के अन्यान्य शिक्षकगण और कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। सरला बिरला विश्वविद्यालय के महानिदेशक माननीय प्रो. गोपाल पाठक, राज्यसभा सांसद माननीय डॉ प्रदीप वर्मा, प्रभारी कुलपति माननीय श्रीधर डांडीन ने विजेता प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का आयोजन एसएनए सलाहकार निक्की कुमारी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन अंशु कुमारी एवं विष्णु प्रिया द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन सरीन खलखो ने किया।

### उमवि देवपुर के एसएमसी अध्यक्ष बनी वीणा मरांडी



हिरणपुर (पाकुड़ )उत्क्रमित मध्य विद्यालय देवपुर में सोमवार को विद्यालय प्रबंधन समिति की पुनर्गठन को लेकर बैठक हुई। वहीं समिति की पुनर्गठन को लेकर प्रतिनियुक्त चुनाव पर्यवेक्षक प्रमोद भंडारी एवं संजय जायसवाल मुख्य रूप से मौजूद रहे।इस दौरान सर्वसम्मति से वीणा मरांडी को एसएमसी अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया।वहीं बोलो किस्कू को उपाध्यक्ष के पद पर चयन किया गया। इसको लेकर नवनियुक्त एसएमसी अध्यक्ष ने कहा कि विद्यालय की सर्वांगीण विकास के लिए मेरे भागीदारी हर समय रहेगी ,साथ ही विद्यालय में बच्चों की हित में कार्य किया जाएगा। मौके पर विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिका एवं अभिभावक मौजूद थे।

### अवार्ड से नवाजे गए लुत्फ़ल हक



**पाकुड़।** पाकुड़ के समाज सेवी लुत्फ़ल हक को दुबई में वर्ष का सबसे प्रेरणादायक सामाजिक कार्यकर्ता का अवार्ड से नावाजा गया है।श्री हक को बतौर चीफ गेस्ट यूनाइटेड अरब एमीरेट्स के पूर्व मंत्री डॉक्टर मोहम्मद सईद अल किंदी,भारत के पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश प्रभु,बिहार के केबिनेट मंत्री अशोक चौधरी,दुबई के अध्यक्ष एवं सी ई ओ चेम्बर मोहम्मद अली रशीद लूटाह एवं बॉलीवुड के मशहूर सिंगर कुमार सानू ने अपने हाथों से सम्मानित किया है।अतिथियों ने मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर उज्जवल भविष्य की कामना कीअतिथियों ने अपने सम्बोधन में कहा की भारत के सबसे एक छोर में बसा झारखंड के पाकुड़ शहर के लुत्फ़ल हक ने जिस तरह गरीबों,जरूरतमंदो एवं जाति मजहब से उठकर जो काम कर रहें है वह वाकई काबिल ए तारीफ है.बिना कोई भेदभाव और निःस्वार्थ से काम करना अपने आप में मिशाल क़ायम करने का काम कर रहे है. उल्लेखनीय है की दुबई के पांच सितारा होटल में इंडो अरब लीडर्स समिट एंड अवार्ड 2024 का कार्यक्रम आयोजित किया गया था।जिसमें भारत के विभिन्न राज्यों के पचास लोगों को सम्मानित किया गया।जिसमे भारत के मशहूर मशहूर डॉक्टर,व्यवसाई,शिक्षाविद, सामाजिक कार्यकर्ता,साइंटिस्ट, इंजीनियर आदि को सम्मानित किया गया।इधर अवार्ड मिलने के बाद समाजसेवी लुत्फ़ल हक़ ने मीडिया को बताया की प्रतिदिन दर्जनों फरियादी आते है उन्हें कभी भी खाली हाथ नहीं लौटाता हूँ कभी कभी मेरे पॉकेट में रूपये नहीं होने के बाद भी दूसरे से मदद लेकर गरीबों को बाँट देता हूँ क्यूंकि गरीबों को मदद करने से कुछ भी कमी नहीं आएगी। आज मुझे देश के साथ साथ विदेश में भी सम्मान मिल रहा है।

### एन सी सी कैडेट्स ने रंगोली बनाकर दिया स्वच्छता का संदेश

पाकुड़। स्वच्छता पखवाड़ा के तहत सोमवार को के. के. एम कॉलेज के एन सी सी कैडेटों ने पेंटिंग और रंगोली के माध्यम से आम जनता को स्वच्छता का संदेश दिया। मालूम हो कि सोमवार को के. के.एम कॉलेज के एनसीसी यूनिट के द्वारा पेंटिंग और रंगोली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे एनसीसी कैडेटों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस संबंध में नगर परिषद के सीटीओ डॉ . स्वीटी मरांडी ने बताया कि इस आयोजन का विषय स्वच्छता की भागीदारी करनी थी। सभी कैडेटों ने स्वच्छता और साफ सफाई की अपनी भावनाओं को चित्र एवं रंगोली के रूप में प्रस्तुत किया है। प्राचार्य डॉ. युगल झा ने सभी कैडेटों के प्रतिभा की सराहना की। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. युगल झा, प्रधान सहायक नीरज कुमार व अन्य शिक्षक कर्मी उपस्थित थे।

### पाकुड़ के नए डीसी बने मनीष कुमार

पाकुड़। कार्मिक विभाग द्वारा सोमवार के देर शाम जारी अधिसूचना में पाकुड़ में बतौर उपायुक्त के पद पर जमशेदपुर के डीडीसी मनीष कुमार को पदस्थापित किया गया है। वही पाकुड़ के डीसी रहे मृत्युंजय बरनवाल को कार्मिक विभाग में योगदान करने का आदेश जारी अधिसूचना में कही गई है।

### डीसी एवं एसपी ने शांति समिति की बैठक कर दिए आवश्यक निर्देश

**पाकुड़।** दुर्गापूजा एवं दशहरा त्योहार के अवसर पर जिले में विधि-व्यवस्था संधारण के मद्देनजर सोमवार को समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक की गई।बैठक में सर्वप्रथम विभिन्न प्रखंडों से आए शांति समिति के गणमान्य नागरिकों से उनके क्षेत्र में हो रहे दुर्गापूजा के संबंध में जानकारी ली गई। अधिकांश नागरिकों द्वारा बताया गया कि उनके प्रखंडों में शांतिपूर्ण तरीके से दोनों समुदाय आपस में मिलकर हर्षोल्लास के साथ एक दूसरे का त्यौहार मनाते हैं एवं किसी भी प्रकार की हमारे बीच आपसी द्वेष या तनाव का माहौल नहीं है। उपायुक्त ने खुशी व्यक्त करते हुए इसी प्रकार आगे भी विधि व्यवस्था बनाए रखने में जिला प्रशासन को सहयोग करने का अपील किया। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान कोई भी ऐसा कार्य न करें जिससे जिला प्रशासन को हस्तक्षेप करना पड़े, यदि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना मिलती है तो इसे जिला प्रशासन को साझा करें या स्थानीय प्रशासन अथवा थाना प्रभारी को सूचित करें जिससे समय रहते उन्हें रोका जा सके। किसी भी परिस्थिति में कानून को हाथ में न लें। उपायुक्त ने कहा कि पूजा पंडाल का निर्माण पूर्व से चिन्हित स्थलों पर ही कराया जाए एवं प्रत्येक पंडालों में महिला एवं पुरुषों के आवागमन हेतु अलग-अलग व्यवस्था सुनिश्चित किया जाय। इसके अतिरिक्त सोशल मीडिया साइट पर भड़काऊ व अमर्यादित पोस्ट को नहीं करने की बात कही गई तथा विधिवत रूप से इसकी निगरानी करने को कहा। शहरों में एवं जिले के विभिन्न पूजा स्थलों पर साफ सफाई कराने, कूड़ेदान की व्यवस्था कराने, लाइटनिंग की व्यवस्था एवं खराब पड़े सभी लाइट्स की मरम्मती करने संबंधी कई दिशा निर्देश दिए गयें। इसी प्रकार मौके पर उपस्थित कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल को त्योहारों के दौरान बिजली व्यवस्था दुरुस्त रखने की बात कही गई।

### भारत विकास परिषद् की ओर से राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता का आयोजन




**रांची।** डीएवी स्कूल, बरियातू में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सरला बिरला विश्वविद्यालय के महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक ने भारतीय सभ्यता और संस्कृति के महात्म्य पर जोर देते हुए उपस्थित प्रतिभागियों से इसे अपनाने की बात कही। उन्होंने व्यक्ति और समाज के संदर्भ में भारतीयता की विशेषताओं पर चर्चा की। कार्यक्रम में विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

### झारखंड के निशानेबाज़ों का शानदार प्रदर्शन अरविंद ने जीता गोल्ड, ऋषभ ने किया डबल सिल्वर

**संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के निशानेबाज़ अरविंद और ऋषभ ने चतरा राइफल क्लब के लिए बड़ी सफलता हासिल की है। अरविंद ने गोल्ड मेडल, जबकि ऋषभ ने डबल सिल्वर मेडल अपने नाम किया। यह उपलब्धि 26 से 29 सितंबर 2024 तक आसनसोल में आयोजित 8वीं ईस्ट जोन राइफल चैंपियनशिप में हासिल की गई, जिसमें 6 राज्यों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। इस चैंपियनशिप में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार



पर, चतरा राइफल क्लब के कई खिलाड़ियों ने प्री-नेशनल चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई



किया। क्लब के संचालक नीतीश कुमार के नेतृत्व में टीम ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया।

प्री-नेशनल के लिए क्वालीफाई करने वाले खिलाड़ीः

- **तानु कुमारी (राइफल शूटर)**
- **पृथ्वीराज (राइफल शूटर)**
- **फरहान अख्तर (राइफल शूटर)**
- **फइक अख्तर (राइफल शूटर)**
- **आयुषी सिंह (राइफल शूटर)**
- **ऋषभ झा (राइफल शूटर)**
- **स्नेहा कुमारी (पिस्टल शूटर)**
- **विवेक राज (राइफल शूटर)**
- **ईशा रानी लिंडा (राइफल शूटर)**

**इन खिलाड़ियों ने झारखंड का नाम गौरवान्वित किया है।**

# भागलपुर से फरार हुए प्रेमी युगल बरामद

**देवघर।** प्रेम प्रसंग में भागलपुर शहरी क्षेत्र से फरार हुए प्रेमी युगल को देवघर के कुंडा थाना के कटिया इलाके से बरामद किया गया। बताया जाता है कि दोनों ने बाबा मंदिर में शादी की कर लिया है। प्रेमी युगल दोनों बालिग है। बताया जाता है कि दोनों के बीच लगभग एक वर्ष से प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवक भागलपुर में फास्ट फूड दुकान चलाने का कार्य करता है। युवती उसके दुकान में हमेशा आती रहती थी। उसी क्रम में दोनों के बीच प्यार हो गया। युवक का नाम मोहित कुमार दास है जो भागलपुर जिला के ईशाखचक थाना क्षेत्र के भीखनपुर गुमटी नंबर 12 का रहने वाला है। बताया जाता है कि दोनों 4 सितंबर को ही भागलपुर से भागकर देवघर पहुंचे थे। उपरांत युवक अपनी प्रेमिका के साथ कुंडा थाना क्षेत्र के कटीया मोहल्ला स्थित अपने मौसी के घर के बगल में किराये के मकान में रह रहा था। बताया जाता है कि 5 सितंबर को ही दोनों ने बाबा मंदिर में शादी कर ली थी। सोमवार को युवती के माता- पिता व अन्य परिवार के सदस्य खोजते हुए कुंडा स्थित कटीया पहुंचे और दोनों को ढुंढ निकाला। बताया जाता है कि लड़की के परिजन के पहुंचते ही युवक के साथ नोंकझोंक भी हुआ। इसकी जानकारी कुंडा पुलिस को मिलते ही वहां पहुंची। युवती के परिजनों द्वारा इसे लेकर भागलपुर थाने में मामला दर्ज कराया गया था। सोमवार की शाम को भागलपुर पुलिस कुंडा थाना पहुंची और युवक युवती को अपने साथ लेकर चली गयी।

# दुर्गा पूजा में अश्लील गीतों पर रहेगी रोक



**देवघर।** जिले के बूढ़ेई थाना परिसर में दुर्गापूजा को लेकर थाना प्रभारी अशोक कुमार के अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित किया गया। बैठक में उपस्थित पूजा समिति के लोगों से पूजा के बारे में जानकारी ली गई। वहीं थाना प्रभारी अशोक कुमार ने पूजा समिति को संबोधित करते हुए बताया कि मुख्य रूप से पूजा स्थल में अश्लील गाना नहीं बजाने एवं लाउडस्पीकर ऊँची आवाज में नहीं बजाने साथ ही रात्रि 10 बजे के बाद डीजे के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की जानकारी दी गई। पूजा स्थल के आस-पास किसी भी प्रकार का मद्यपान के उपयोग नहीं करने की बात कही। इस मौके पर एएसआई तथा सैकड़ो की संख्या में बूढ़ेई थाना क्षेत्र के जनता ने भाग लिए मौके पर अशोक राजहंस,शशि राणा,महताब अंसारी जलेश्वर शाह,विजय कुमार मोदी,अवधेश पांडे, मटरु यादव ,सुनील यादव, महेंद्र यादव,विजय कुमार मोदी,अवधेश पांडे,मरियम टुडू,कार्तिक तूरी,मणि शंकर नागमणि,पप्पू राजहंस समेत अन्य उपस्थित थे।

# कायस्थ महासभा की जिला कमेटी का पुनर्गठन




**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा देवघर इकाई की एक समीक्षात्मक बैठक जिला अध्यक्ष निर्मल प्रकाश दीपक की अध्यक्षता में पोखना टीला में आहूत की गई।कार्यकारिणी के कई पदाधिकारियों में सामाजिक कार्य में रुचि नहीं रहने के कारण अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के कार्यक्रम की गति में बाधा आ रही थी।जिस कारण से प्रदेश उपाध्यक्ष सह संताल परगना प्रभारी चंद्र विजय प्रसाद चंदन ने सभी प्रकोष्ठें की समीक्षा कर कार्यकारिणी में परिवर्तन करने का प्रस्ताव दिया।प्रदेश उपाध्यक्ष सह संताल परगना प्रभारी की अनुमति से एवं बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों की सहमति से कार्यकारिणी में परिवर्तन किया गया। मुख्य रूप से सोना कुमार सिन्हा को कार्यकारी अध्यक्ष सह विभिन्न प्रकोष्ठें के कार्यक्रमों के फोलो अप प्रभारी एवं प्रवक्ता अभाकाम के सुचनाओं के प्रचार प्रसारके लिए( अध्यक्ष की अनुमति से),अवनि कुमार सिन्हा को संगठन मंत्री सह सदस्यता प्रभारी, शशि भूषण निराला को अध्यक्ष,रोजगार प्रकोष्ठ, रवि कुमार सिन्हा को अध्यक्ष,चिकित्सा प्रकोष्ठ, शोभा सिन्हा कोअध्यक्ष,महिला प्रकोष्ठ,भारती वर्मा को अध्यक्ष, विवाह प्रकोष्ठ,अनिल कु सिन्हा को उपाध्यक्ष संगठन, मनोज कु सिन्हा को सचिव संगठन,राजेश कु सिन्हा मोहन को सचिव चिकित्सा प्रकोष्ठ, विनय कु अम्बस्थ को संयुक्त सचिव संगठन, *वीना सिन्हा को सचिव महिला प्रकोष्ठ, *रश्मि कुमारी सिन्हा को उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, *सुजाता प्रसाद को संयुक्त सचिव महिला प्रकोष्ठ, कविता अम्बस्थ को उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, पंकज कु सिन्हा को उपाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, अंजनी कु सिन्हा को उपाध्यक्ष,प्रभाकर कंठ उपाध्यक्ष संगठन का अतिरिक्त भार, विश्वजीत कुमार को सचिव विधि प्रकोष्ठ,अमित कु वर्मा को उपाध्यक्ष विधि प्रकोष्ठ, बाबुल मंदीलवार कोसंयुक्त सचिव युवा प्रकोष्ठ *डॉ राजेश सिन्हा को संरक्षक सह परामर्शदात्री पद पर मनोनित किया गया।इसके अतिरिक्त अन्य पदाधिकारियों का भी मनोनयन किया गया।

# आयुष्मान का लाभ लेने अस्पताल आएं तो अपना राशन और आधार नंबर अवश्य ले कर जाएं : डॉ शरद



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** सोमवार को सदर अस्पताल देवघर के उपाधीक्षक डॉक्टर प्रभात रंजन की अध्यक्षता में आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना से संबंधित बैठक उपाधीक्षक कक्ष में आयोजित की गई।उपाधीक्षक द्वारा सभी आयुष्मान मित्रों को सख्त निर्देश दिया गया की जितने भी आयुष्मान योजना से जुड़े हुए लाभुक मरीज अस्पताल में इलाज के लिए आते है उन सभी को इस योजना के अंतर्गत उनका नाम दर्ज करें और उसे इंश्योरेंस कंपनी से मिलने वाली राशि का लाभ सुनिश्चित करें ताकि उस राशि से अस्पताल में मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं को बढ़ाया जा सके और अस्पताल के रख रखाव के लिए राशि को खर्च किया जा सके।आयुष्मान भारत योजना के जिला नोडल डॉक्टर शरद कुमार ने आम लोगो से अपील किया है की जिनके पास भी राशन कार्ड और आधार नंबर उपलब्ध है वैसे सभी लोग इलाज के लिए अस्पताल आएं तो अपना राशन कार्ड और आधार कार्ड या नंबर अवश्य ले कर आए ताकि उनको आयुष्मान लाभुक चिन्हित करते हुए अस्पताल में मिलने वाली विशेष सुविधा प्रदान किया जा सके। आज की बैठक में मुख्य रूप से डॉक्टर अमरीश ठाकुर,डॉक्टर राजीव कुमार,डॉक्टर अशोक अनुज,डॉक्टर रवि कुमार उपस्थित थे।

# गायत्री परिवार का विराट अभियान- 24 घंटा में 24 लाख गायत्री महामंत्र जप



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में गायत्री शक्तिपीठ डाबरग्राम के साधना कक्ष में जिला समन्वयक बरूण कुमार की अध्यक्षता में गायत्री परिवार साधकों की जिला स्तरीय गोष्ठी का शुभारंभ वैदिक स्वस्तिवाचन तथा गुरु गायत्री मंत्र से किया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जिला उपसमन्वयक उमाकान्त राय ने बताया कि हमारे ऋषियों, मुनियों द्वारा प्रतिपादित जप और तप के माध्यम से मानव कल्याण की आध्यात्मिक धारा की पुनर्स्थापना तथा जन जन तक पहुंचाने की श्रृंखला में 24 नवंबर 2024 को 24 लाख गायत्री महामंत्र जप अनुष्ठान 24 घंटा में पुरा करने का विहंगम संकल्प देवघर जिला गायत्री परिवार ने लिया। सर्वार्थ सिद्धि योग में 24 अक्षरों वाली गायत्री महामंत्र,24 तारीख,24 घंटा में 24 लाख गायत्री महामंत्र जप की पूर्णाहुति एक अद्भुत , दुर्लभ और चमत्कारी संयोग है। गोष्ठी में मुख्य ट्रस्टी महेंद्र प्रसाद यादव, उदय शंकर सिंह, सुरेश राउत, शोभा बरनवाल,अनिता देवी,कान्ति देवी, निशा कुमारी,मीरा देवी,बबिता सिंह, रत्ना सिन्हा, निर्मला राय आदि बडी संख्या में गायत्री परिवार उपस्थित थे।

# स्वच्छता हीं सेवा अभियान के तहत जेआरजी बैंक ने किया पौधा रोपण

**देवघर ।** स्वच्छता हीं सेवा अभियान के अंतर्गत क्षेत्रीय कार्यालय , झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक देवघर के द्वारा नारायण सेवा संस्थान ,बालिका आश्रयगृह देवघर में वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया । इस अभियान में क्षेत्रीय प्रबंधक अरूण कुमार के द्वारा आश्रम में फलदार वृक्ष लगाया गया। विदित हो की भारत सरकार द्वारा 17 सितंबर 2024 से शुरू किए गए स्वच्छता ही सेवा अभियान में झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक सक्रिय रूप से भाग ले रहा है। इस वृक्षारोपण अभियान में क्षेत्रीय कार्यालय से वरिष्ठ प्रबंधक कुमुद कुमार कुमुद, राहुल कुमार, प्रदीप कुमार यादव ,अनंत कुमार एवम क्षेत्रीय कार्यालय के समस्त कार्मिक उपस्थित थे।

# रायडीह जंगल से छापेमारी कर 08 साइबर अपराधी गिरफ्तार

## 12 मोबाइल 20 सिम कार्ड, 04 एटीएम कार्ड बरामद

संवाददाता

**देवघर।** साइबर पुलिस ने जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से छापेमारी कर 08 साईबर अपराधी को गिरफ्तार किया गया है एवं एक को विधि विरूद्ध किशोर को निरूद्ध किया गया है। साइबर अपराधियों के पास से 12 मोबाइल,20 सिम कार्ड,04 एटीएम कार्ड बरामद किया गया है। गिरफ्तार साइबर ठगों में जसीडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत केनमनकाठी गांव के नन्दन दास, पिता बद्री दास,रोहित कुमार दास,पिता मानेश्वर दास बिहार के जमुई जिले के गोपालपुर गांव वर्तमान में नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत नन्दन पहाड़ के निवासी बिनोद कुमार,पिता उमाशंकर दास, जसीडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत शंकरी गांव के बासुदेव दास, एवं राजेन्द्र दोनों पिता स्व० सुरेश दास,देवीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत चोटो गांव के होरिल कुमार दास,पिता गुही दास,बिहार राज्य के जमुई जिले के चन्द्रमनडी थाना क्षेत्र अंतर्गत रंगनियां गांव के प्रमोद कुमार,पिता गोपाल दास, एवं जमुई के ही बिशनपुर गांव के विक्रम दास,पिता रघु दास शामिल हैं।उक्त साइबर आरोपी,किशोर के पास से साईबर अपराध से संबंधित प्रतिबिम्ब एप में अपलोड किया गया 06 फर्जी मोबाईल नंबर बरामद किया गया है। इस संदर्भ मे साइबर पुलिस ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि जसीडीह थाना अंतर्गत रायडीह जंगल एवं ग्राम सुजानी स्थित सुजानी नर्सरी के पास कुछ साईबर अपराधी फर्जी बैंक,कस्टमर केअर,सरकारी पदाधिकारी बनकर आमलोगों को अपने फर्जी नंबर से कॉल कर झांसे में लेकर ठगी करते हैं। उपरांत जसीडीह थाना अंतर्गत रायडीह जंगल एवं सुजारी नर्सरी के पास छापामारी आठ साईबर अपराधी एवं एक किशोर को पकड़ा गया। पकड़ाये व्यक्ति के पास से बरामद मोबाईल, सिम के प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ कि उक्त साईबर अपराधी फर्जी कस्टमर केअर, सरकारी पदाधिकारी बनकर फोन पे यूजर्स को कैशबैक का झांसा देकर ऑनलाईन ठगी करते हैं। इन सभी को पूछताछ के बाद कोर्ट में हाजिर कर जेल भेज दिया गया।

# झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक की ओर किया गया वृक्षरोपण

**देवघर।** सोमवार 30 सितंबर को स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत क्षेत्रीय कार्यालय झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक देवघर के द्वारा नारायण सेवा संस्थान,बालिका आश्रयगृह देवघर में वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया। इस अभियान में क्षेत्रीय प्रबंधक अरूण कुमार के द्वारा आश्रम में फलदार वृक्ष लगाया गया। विदित हो की भारत सरकार द्वारा 17 सितंबर 2024 से शुरू किए गए स्वच्छता ही सेवा अभियान में झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक सक्रिय रूप से भाग ले रहा है।

# एमपी के मुख्यमंत्री ने बाबा बैद्यनाथ मंदिर में की पूजा अर्चना

# इस बार झारखंड में परिवर्तन होगा : मोहन यादव



संवाददाता

**देवघर।** दुमका में आयोजित कार्यक्रम से पहले मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव देवघर एयरपोर्ट पहुंचे। देवघर एयरपोर्ट से कड़ी सुरक्षा के बीच उन्हें देवघर के बाबा बैद्यनाथ मंदिर लाया गया। जहां प्रशासनिक भवन में उन्हें विधिवत्य संकल्प कराकर पूरे विधि विधान के साथ बाबा बैद्यनाथ का पूजा अर्चना कराया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बताया कि यह शिव और शक्ति का स्थल है यहां हर मनोकामना पूर्ण होती है। निश्चित तौर पर इस बार झारखंड में परिवर्तन होगा। उन्होंने कहा कि बाबा भोलेनाथ से देश के कुशलता के लिए कामना की। इसके अलावे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए बाबा भोलेनाथ से आशीर्वाद मांगा कि वह जनता के लिए काम करते रहे। इस मौके पर उनके साथ देवघर विधायक नारायण दास भी मौजूद रहे।

# तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान को लेकर चला अभियान

**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत सिविल सर्जन डॉ रंजन सिन्हा एवं जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी सह-नोडल पदाधिकारी एन0सी0डी0 कोषांग देवघर के निर्देशानुसार में सोमवार को देवघर पब्लिक स्कूल देवघर में तंबाकू निषेद पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को तंबाकू के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूक करना और उन्हें इस खतरनाक आदत से दूर रखना है। इस कार्यक्रम में बच्चो को तम्बाकू से होने वाले बीमारियों जैसे कैंसर, अस्थमा, लकवा, श्वास संबधित बीमारी के बारे में चर्चा की गयी, तथा इससे होने वाले आर्थिक और सामाजिक दुष्प्रभाव के बारे मे भी बतलाया गया।

# विद्यालय का छत गिरा, बाल-बाल बचे विद्यार्थी

**देवघर।** देवीपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बच्ची पहाड़तली में पुराना विद्यालय भवन गिरने से वहां के विद्यालय के बच्चे व अन्य लोग बाल बाल बच गए। जानकारी हो कि सोमवार को विद्यालय में मध्यान भोजन के लिए बच्चे खाने के लिए नई बिल्डिंग के बरामदे पर आया। तभी पुराना भवन भरभरा के गिर पड़ा। इस घटना में एक बच्चे का साइकिल क्षतिग्रस्त हो गया। जबकि मध्यान भोजन का सामग्री इसी भवन के एक कमरे में रखा हुआ था। जो सामान भी क्षतिग्रस्त हुए हैं।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, दुमका (814101)**
**(rdsddumka1@gmail.com)**

**-: आवश्यक सूचना :-**

इस कार्यालय के पत्रांक 330 दिनांक 04.03.2024 द्वारा निर्गत निविदा आंमत्रित सूचना संख्या-RDSD/DMK/UNTIED/ 52/2023-24 के ग्रुप संख्या 06 जिसका पी०आर० 321454 (Rural work Department (23-24).D को अपरिहार्य कारण वश रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,दुमका

PR 337653 Rural Work Department(24-25).D

**नगर परिषद, साहिबगंज।**

पत्रांक–2713 / ले0 दिनांक–30.09.2024 /

**आवश्यक सूचना**

**–: शुद्धि–पत्र :– PR NO. 336918**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय पत्रांक–2243 / ले0, दिनांक– 24-09.2024 के द्वारा निर्गत अति अल्पकालीन डाक बन्दोवस्ती (होर्डिग्स) की तिथि में निम्नलिखित संशोधन किये जाते हैं :–

पूर्व में कार्यालय ज्ञापांक– 2243 दिनांक 24.09.2024 में डाक बन्दोवस्ती की तिथि– 03.10.2024 तथा आवेदन प्राप्ति एवं जमा की तिथि 01.10.2024 से 02.10.2024 निर्धारित थी। उक्त तिथि को सरकारी अवकाश रहने के कारण तिथियों में निम्नलिखित संशोधन किया जाता है :–

1. आवेदन प्राप्ति एवं जमा की तिथि– 04.10.2024 से 05.10.2024 अपराह्न 4:30 बजे तक।
2. डाक बन्दोवस्ती की तिथि– 07.10.2024 को अपराह्न 2:30 बजे।
3. डाक बन्दोबस्ती का स्थान– नगर परिषद् साहिबगंज सभागार ।

नोट– 1. निविदा की अन्य सभी विवरणी एवं नियम / शर्ते यथावत रहेगी।
2. विस्तृत जानकारी के लिए http://UDHD.jharkhand.gov.in / नोटिस बोर्ड में देखा जा सकता है।

ह0 / –
कार्यपालक पदाधिकारी–सह–प्रशासक,
नगर परिषद् साहिबगंज।

PR 337692 (Urban Development and Housing) 24-25 (D)

**कार्यालय :– जिला उद्यान पदाधिकारी, साहेबगंज**
**Email Id – dhosbg@rediffmail.com**

**अभिरूचि की अभिव्यक्ति (EOI) निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–02 / 2024–25**

वित्तीय वर्ष 2024–25 में उद्यान विकास की योजनान्तर्गत उपयोजना "प्रोमोशन ऑफ अरर्बन फार्मिंग" के तहत् विभिन्न सामग्रीयों की आपूर्ति हेतु इच्छुक कार्यकारी संस्था से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0.सं0. | कार्य अवयव का नाम | मात्रा / सं0 |
|---|---|---|
| 1 | प्रोमोशन ऑफ अरर्बन फार्मिंग अन्तर्गत विभिन्न सामग्रीयों की आपूर्ति | आवश्यकतानुसार |

नोटः–
1. निविदा की सामग्री नियम एवं शर्तो की पूर्ण विवरणी कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकरी, साहेबगंज से प्राप्त किया जा सकता है।
2. इच्छुक निविदादाता दिनांक 15-10-2024 के अपराह्न 01:00 बजे तक कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकारी, साहेबगंज में व्यक्तिगत रूप / डाक से मुहरबंद निविदा दे सकते हैं।
3. प्राप्त मुहरबंद द्विलिफाफा को दिनांक 15-10-2024 के अपराह्न 03:00 बजे जिला उद्यान पदाधिकारी, साहेबगंज के कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला क्रय समिति के समक्ष खोली जाएगी। निविदा खोलते समय निविदादाता अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि अनिवार्य रूप से उपस्थित होंगे।

जिला उद्यान पदाधिकरी,
साहेबगंज

PR 337616 District(24-25)#D

**कार्यालय देवघर नगर निगम, देवघर**
**–: बन्दोबस्ती हेतु खुली डाक प्रथम सूचना :–**
**पत्रांक 1989 / दिनांक. 30.09.2024**

देवघर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत अटल स्मृति पार्क की बन्दोवस्ती (खुली डाक के माध्यम से) हेतु नगर आयुक्त सह प्रशासक देवघर नगर निगम के कार्यालय प्रकोष्ठ दिनांक 07.10.2024 को किया जाएगा। इच्छुक व्यक्ति निर्धारित शर्तों को पूरा करते हुए खुली डाक में भाग लेने हेतु दिए गये विहित प्रपत्र में आवेदन संधारित कर दिनांक 07.10.2024 को 02:00 बजे अप0 तक नगर निगम कार्यालय में आमंत्रित किया जाता है।

| क्र0 | सैरात का नाम | डाक की न्यून्तम वार्षिक राशि (Base Price) | बन्दोबस्ती हेतु अग्रधन राशि (25% of Base Price) | डाक की तिथि | बन्दोवस्ती की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अटल स्मृति पार्क बन्दोबस्ती | 10,00,000.00 (दस लाख रूपये) | 2,50,000.00 (दो लाख पचास हजार रूपये) | 07.10.2024 | 05 वर्ष दिनांक 01.04.2025 से दिनांक 31.03.2029 तक। |

नोट :–आवेदनकर्ता को आवेदन शुल्क के रूप में Rs.5,000.00 (जो वापस नहीं होगा) राशि कोMunicipal Commissioner, Deoghar Municipal Corporation, Deogharके नाम से डी0डी0 आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य होगा, अन्यथा आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
2.सैरात बन्दोवस्ती के नियम एवं शर्ते कार्यालय सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

नगर आयुक्त सह प्रशासक
देवघर नगर निगम, देवघर।

PR 337681 Deoghar(24-25)D

**कार्यालय देवघर नगर निगम, देवघर**
**–: सैरात बन्दोबस्ती तृतीय सूचना :–**
**पत्रांक 1988 / दिनांक 30.09.2024**

एतत् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि देवघर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत वहान पडाव सैरात की बन्दोबस्ती उनके सम्मुख स्तंभों में अंकित अवधि के लिए नगर आयुक्त, देवघर नगर निगम के कार्यालय प्रकोष्ट में निम्नानुसार की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति / संस्था निर्धारित शर्त्तो को पूरा करते हुए खुली डाक में भाग लेने हेतु आवेदन दिनांक 07.10.2024 को 02:00 बजे अप0 तक सभी वांछित कागजातो के साथ नगर निगम कार्यालय में जमा कर सकते है। सैरात की विवरणी :–

| क्र0 | सैरात का नाम | डाक की न्यून्तम राशि | बन्दोबस्ती हेतु अग्रधन राशि (बैंक ड्राफ्ट) | डाक की तिथि | बन्दोवस्ती की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ए0 एस0 साईस कॉलेज के पास | Rs.1,00,000.00 वाहनों की वसूली दर 1. चार पहिया –Rs.30.00 2. तीन पहिया –Rs.20.00 3. दो पहिया –Rs.10.00 क्रं0 01 से 03 हेतु प्रत्येक चार घंटे के लिए | 25000.00 | 07.10.2024 | एक वर्ष के लिए दिनांक 01.04.2025 से दिनांक 31.03.2026 तक |

नोट :–आवेदनकर्ता को आवेदन शुल्क के रूप में Rs.1,000.00 (जो वापस नहीं होगा) राशि को **Municipal Commissioner, Deoghar Municipal Corporation, Deoghar** के नाम से डी0डी0 आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। अन्यथा आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
2.सैरात बन्दोवस्ती के नियम एवं शर्ते कार्यालय सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

नगर आयुक्त सह प्रशासक
देवघर नगर निगम, देवघर

PR 337680 Deoghar(24-25).D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, देवघर**

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–03 / 2024–25**

1. विज्ञापनदाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, देवघर।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : 15.10.2024 (1:00 बजे अपराह्न तक)
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 16.10.2024 को 3:00 बजे अपराह्न तक
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 16.10.2024 को 3:30 बजे अपराह्न
5. परिमाण विपत्र बिक्री स्थान : कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, देवघर / अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, दुमका का कार्यालय
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : यथोक्त।
7. कार्य का विवरण :

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र की मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of 12 PO Quarter (A Block) 4 Units Near Indoor Stadium at Deoghar for the year 2024-25 | Rs. 24,29.000.00 | 48,600.00 | 5000.00 | 2 Months |
| 2 | Renovation of 12 PO Quarter (B Block) 4 Units Near Indoor Stadium at Deoghar for the year 2024-25 | Rs. 24,32.300.00 | 48,700.00 | 5000.00 | 2 Months |
| 3 | Renovation of 12 PO Quarter (C Block) 4 Units Near Indoor Stadium at Deoghar for the year 2024-25 | Rs. 24,42,400.00 | 48,900.00 | 5000.00 | 2 Months |
| 4 | Renovation of New Hazat in Court Campus at Deoghar for the year 2024-25 | Rs. 23,28,300.00 | 46,600.00 | 5000.00 | 2 Months |
| 5 | Deep Boring ( 200 x 150 mm dia) & Installation of 2 HP Submersible Pump set in New Hazat Building in Court Campus at Deoghar for the 2024-25 | Rs. 3,81,500.00 | 7,800.00 | 750.00 | 15 Days |
| 6 | Repair and Painting of Residence, Laying of chequrred tiles on existing PCC internal Road in Campus of CJM Residence at Deoghar for the year 2024-25 | Rs. 24,99,100.00 | 50,000.00 | 5000.00 | 2 Months |
| 7 | Renovation of witness shed, False Ceiling in PO Chamber Chequrred Tiles in Courtyard and APP in Roof of 12 Court Building, Madhupur Dist Deoghar for the year 2024-25 | Rs. 35,39,900.00 | 70,800.00 | 5000.00 | 2 Months |

2. निविदा की शर्ते **www.jharkhand.gov.in** एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल, देवघर।

PR 337688 (Building) 24-25 (D)

**कार्यालय, नगर परिषद, गोड्डा**

(अतिअल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– **UDD/NPG/11/2024-25 (RE)**)

1. वेबसाईट पर निविदा अपलोड करने की तिथि :– दिनांक : 01.10.2024 पूर्वाह्न 11:30 बजे।
2. Online निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक : 01.10.2024 के पूर्वाह्न 11:30 बजे से दिनांक– 07.10.2024 के अपराह्न 01:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक– 08.10.2024 को अपराह्न 2:00 बजे तक।
4. निविदा आमंत्रण करने वाले पदाधिकारी का नाम :– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, गोड्डा
5. निविदा से संबंधित जानकारी हेतु (कार्यालय अवधी में) सम्पर्क नं0 :– 9431354681, 9006738898
6. निविदा (योजनाओं) से संबंधित विवरणी :–

| Sl | Name of Scheme | Estimated Amount | Earnest Mony | Tender Fee | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 01 | वार्ड नं0 02 & 03, में पी0सी0सी0 पथ एवं आर0सी0सी0 नाला (Precast Slab & Paver Block Road) निर्माण। | 9636000.00 | 193000.00 | 10000.00 | 6 (Six) Months |
| 02 | वार्ड नं0 16, 17, 18 & 19 में पेभर ब्लॉक रोड एवं आर0सी0सी0 नाला (Precast Slab) निर्माण। | 6131000.00 | 123000.00 | 10000.00 | 6 (Six) Months |

नोट :– 1. केवल ई– निविदा ही स्वीकृत होगा। प्राक्कलित राशि घट / बढ़ सकती है। निविदा से संबंधित सूचनाऍं वेबसाईट http:www.jharkhandtenders.gov.in तथा http://udhd.jharkhand.gov.in एवं गोड्डा नगर परिषद कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद, गोड्डा

PR 337668 Urban Development and Housing (24-25)_D

**झारखण्ड सरकार**
**कृषि पशुपालन, एवं सहकारिता विभाग (उद्यान प्रभाग)**
**कार्यालय– जिला उद्यान पदाधिकारी, पाकुड़**
पता– जिला संयुक्त कृषि भवन, प्रखण्ड परिसर, पाकुड़, पिन कोड – 816107 , झारखण्ड

**आम सूचना**

सरकार के सचिव, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड राँची के रज्यादेश संख्या– 42, दिनांक– 24.07.2024 के द्वारा वित्तीय वर्ष – 2024–25 में उद्यान विकास की योजना अंतर्गत प्रोमोशन ऑफ अरबन फार्मिंग योजना के तहत राज्य के शहरी क्षेत्रों में हरित आवरण एवं पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के उद्देश्य से बाहरी इलाकों एवं उससे सटे हुय आस–पास के बाहरी क्षेत्रों में बसे हुए परिवारों के घरों के निकट खाली पड़े भू–खण्ड, सरकारी परिसर जहाँ स्थान उपलब्ध हो, एवं Terrace Gardening अन्तर्गत सब्जी, फल, फूल उत्पादन एवं साज–सज्जा के क्रियान्वयन हेतु सरकारी परिसर में शत प्रतिशत अनुदान एवं निजी व्यक्तियों को खाली पड़े भू–खण्डों पर 75 प्रतिशत अनुदान पर किया जायेगा।

उपरोक्त योजना अंतर्गत अवयवों का लाभ प्राप्त करना है वह दिनांक – 01.10.2024 से जिला उद्यान कार्यालय, पाकुड़ से आवेदन प्रपत्र प्राप्त कर आवेदन प्रपत्र में पूर्ण विवरण के साथ नगर परिषद्, वार्ड पार्षद, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी / VLW/ATM/BTM/ वैज्ञानिक के द्वारा अनुशंसा कराते हुए दिनांक – 14.10.2024 संध्या 05:00 बजे तक जिला उद्यान कार्यालय, पाकुड़ में जमा करेंगें, अपूर्ण आवेदन प्रपत्र, लक्ष्य पूर्ण, निर्धारित तिथि के बाद एवं अन्य कारणों के उपरांत आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा। उक्त योजना अंतर्गत SC, ST, लघु एवं सीमांत एवं महिला कृषकों को प्राथमिकता दी जायेगी।

**नोट :– आवेदक किसान के द्वारा आवेदन प्रपत्र के साथ आधार कार्ड, एवं जमीन का रसीद / पर्चा का छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।**

जिला उद्यान पदाधिकारी,
पाकुड़।

PR 337671 (Agriculture) 24-25 (D)

**साहेबगंज समाहरणालय**
**(जिला राजस्व शाखा)**

**:– पुनः अल्पकालीन डाक सूचना :–**

एतत द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया गया जाता है, कि साहेबगंज जिलान्तर्गत अवस्थित सैरात जो क्रमशः अंचल – साहेबगंज, तालझारी, राजमहल एवं उधवा में है के वित्तीय वर्ष 2024–25 से 2026–27 तक के बन्दोबस्ती की कार्रवाई अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय वेश्म में दिनांक – 21.10.2024 के पूर्वाहन / अपराहन् 03:00 बजे की जायेगी।

उल्लेखनीय है कि अद्योहस्ताक्षरी का ज्ञापांक– 415 / रा0 दिनांक–06.06.2024 द्वारा अल्पकालीन डाक सूचना आवंटित की गई थी, जिसकी प्रथम तिथि–20.06.2024 ,द्वितीय तिथि 08.07.2024 एवं तृतीय तिथि 29.07.2024 को निर्धारित थी। जिसमें क्रमांक–03 पर उल्लेखित सैरात का डाक नहीं होने के कारण सैरात समिति द्वारा पुनः डाक सूचना प्रकाशन करने का निर्णय लिया गया।

राजस्व विभागीय पत्रांक–263 / रा0, दिनांक–25.01.2007 के आलोक में सुरक्षित जमा निर्धारण की राशि / बन्दोबस्त की राशि जो भी अधिक हो उसमें 15: वृद्धि किए जाने हेतु निर्देश के परिपेक्ष्य में फेरीघाट, खूँटागड़ाई से संबंधित सैरात का सुरक्षित जमा निर्धारण किया गया है, जो कमांक–04 पर अभिलिखित है। क्रमांक –4 पर अभिलिखित सुरक्षित जमा निर्धारण की राशि के आधार पर वन्दोवस्ती की कार्रवाई की जायेगी जो प्रतिवर्श सुरक्षित जमा निर्धारण / बन्दोबस्ती की राशि होगी।

राजस्व विभागीय पत्रसंख्या–2526 / रा0, दिनांक–12.09.1978 की कंडिका–01 के अनुसार सैरात (फेरीघाट / खूँटागड़ाई) की वन्दोवस्ती खुली डाक द्वारा किये जाने हेतु प्रावधानित है। खुली डाक में यदि समितियॉ सक्षम हो और उच्चतम डाक की राशि पर वन्दोवस्ती लेने के लिए तैयार हो, तो वन्दोवस्ती में उनको प्राथमिकता दी जायेगी।

बन्दोवस्ती वित्तीय वर्ष 2024–25 से 2026–27 (तीन वर्षो) हेतु सैरातों की अवस्थिति निम्नवत है :–

| क0 | अंचल | सैरात का नाम | प्रतिवर्ष निर्धारित राशि के विरूद्व वन्दोवस्ती की स्थिति में परवाना निर्गत की तिथि के आधार पर देय होगी। (प्रति वर्ष) | अभ्युक्ति। |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | साहेबगंज | सकरीगली, रामपुर समदानाला फेरीघाट | 12,65,000.00 | |
| 2 | उधवा | राधानगर–बेगमगंज फेरीघाट | 12,71,178.00 | |
| 3 | राजमहल | चंडीपुर, समस्तीपुर–गीदरमारी फेरीघाट | 1,21,900.00 | |
| 4 | राजमहल | नुरपुर–खूँटागड़ाई | 10,058.00 | |
| 5 | तालझारी | मसकलैया–खूँटागड़ाई | 4023.00 | |
| 6 | तालझारी | मेंहदीपुर – खूँटागड़ाई | 2213.00 | |
| 7 | तालझारी | बालापोखर पथरियावाला खूँटागड़ाई | 20114.00 | |

डाक में भाग लेने हेतु आवेदनकर्त्ता उक्त डाक सूचना की शर्त्तो की विस्तृत जानकारी साहेबगंज जिला के **Website – www.sahibganj.nic.in** से प्राप्त कर सकते है।

अपर समाहर्त्ता–सह–अध्यक्ष,
जिलास्तरीय,सैरात,समिति, साहेबगंज

PR 337670 Sahabganj(24-25)#D

# डॉक्टर इरफान की बीमार विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य, शिक्षा और विकास उपेक्षित : सीता सोरेन

संवाददाता

**जामताड़ा ।** पारिवारिक पार्टी झामुमो छोड़कर भाजपा में शामिल हुई वरिष्ठ नेत्री सीता सोरेन ने रविवार देर रात को सदर प्रखंड स्थित चेंगाईडीह गाँव पहुंचकर एक जन सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जामताड़ा विधानसभा, जिसका प्रतिनिधित्व एक डॉक्टर उतराधिकारी विधायक करते हैं आज बुनियादी सुविधाओं से भी महरूम है। यह विडंबना ही है कि क्षेत्र के विधायक स्वास्थ्य विशेषज्ञ हैं फिर भी यहां की स्वास्थ्य सेवाओं की हालत बदतर स्थिति में है। यह क्षेत्र, जो अल्पसंख्यक समुदाय के नेताओं द्वारा प्रतिनिधित्व किया जाता है, उन्हीं समुदायों की समस्याओं के केंद्र में है। जामताड़ा की जनता को आज जिन चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, वे यह सवाल उठाती हैं कि आखिर क्यों इस विधानसभा को विकास से वंचित रखा गया है। जामताड़ा में स्वास्थ्य



सेवाओं की स्थिति अत्यंत खराब है। ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा सेवाएं न के बराबर हैं और शहर में भी अस्पतालों की हालत जर्जर है। इलाज के लिए जरूरी उपकरणों की कमी और डॉक्टरों की अनुपस्थिति आम बात हो गई है। मरीजों को बुनियादी इलाज के लिए दूसरे जिलों में जाना पड़ता है। ऐसी स्थिति में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि डॉक्टर विधायक के क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाएं सबसे अधिक बदहाल क्यों हैं। शिक्षा के मामले में भी जामताड़ा की स्थिति बेहद चिंताजनक है। यहां के सरकारी स्कूलों में न तो पर्याप्त शिक्षक हैं और न ही मूलभूत सुविधाएं। शहर के स्कूलों की स्थिति इतनी खराब है कि अभिभावक अपने बच्चों को इन स्कूलों में भेजने से कतराते हैं। शिक्षक अनुपस्थित रहते हैं और जो मौजूद हैं, वे पर्याप्त शिक्षण सामग्री के अभाव में पढ़ाने में असमर्थ हैं। इस विधानसभा में शिक्षा का अभाव एक बड़ा कारण है कि लोग गरीबी और पिछड़ेपन से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। आंगनबाड़ी केंद्र, जो छोटे बच्चों और गर्भवती महिलाओं के पोषण और देखभाल के लिए हैं, अपनी बुनियादी जिम्मेदारियों को पूरा नहीं कर पा रहे हैं। आवश्यक पोषण और देखभाल की कमी के कारण बच्चों और महिलाओं का स्वास्थ्य खतरे में है। वृद्धा पेंशन योजना की स्थिति भी बेहद खराब है। बुजुर्गों को समय पर पेंशन नहीं मिलती और उन्हें सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ते हैं, जिससे उनकी स्थिति

और भी दयनीय हो जाती है। जामताड़ा की जनता को अब इन समस्याओं के समाधान के लिए एकजुट होना होगा और अपने अधिकारों के लिए आवाज उठानी होगी। बेहतर नेतृत्व और जवाबदेही की मांग ही इस बीमार विधानसभा को स्वस्थ और प्रगति की राह पर ले जा सकती है। मोके पर पंचायत समिति सदस्य इमरान अंसारी समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## सोशल मीडिया पर रखी जाएगी कड़ी निगरानी : डीसी

**गोड्डा ।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी जिशान कमर की अध्यक्षता में आगामी दुर्गा पूजा को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी संबंधित विभागों के वरीय अधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं अंचलाधिकारियों संबंधित थाना क्षेत्र के थाना प्रभारी के साथ बैठक आयोजित की गई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त जिशान कमर के द्वारा बताया गया कि जिले में धूमधाम से आगामी दुर्गा पूजा का आयोजन किए जाएंगे। इस बार श्रद्धालुओं को भारी भीड़ देखने को मिल सकती है। इसलिए संबंधित अधिकारी के द्वारा अलर्ट मोड में रहते हुए छोटी एवं बड़ी सभी बिंदुओं पर ध्यान रखने की आवश्यकता है। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा के संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं थाना प्रभारी अपने - अपने क्षेत्र स्थित पूजा पंडालों का निरीक्षण कर सुनिश्चित करें कि सभी जगह अग्निशमन की व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है तथा अलग-अलग प्रवेश और निकास द्वार बनाए गए हैं, पंडाल एवं आस-पास सीसीटीवी कैमरा अधिष्ठापित किए गए हैं। और पंडाल में ही छोटा सा कंट्रोल रूम बनाया गया है अथवा नहीं। उन्होंने सभी थानों में दो-तीन दिनों के अंदर शांति समिति की बैठक करने का निर्देश दिया साथ ही साथ अतिसंवेदनशील-संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया।उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को पूजा पंडालों के निरीक्षण कर पूजा समिति सदस्यों के साथ बैठक करने, जिला द्वारा तैयार किए गए मुख्य बिंदुओं की चेक लिस्ट को चेक करने एवं पूजा समिति सदस्यों को सुनिश्चित करने के लिए जरूरी निर्देश दिया गया। यदि कोई बदलाव होती है तो संबंधित विभाग के द्वारा सूचित किए जाएगे। बैठक के क्रम में संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारियों को को विधि व्यवस्था आदि में सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया। साथ ही पूर्व के पूजा आयोजन इतिहास के बारे में प्रखंडवार एवं थाना क्षेत्रवार जानकारी ली गई। वहीं मुख्यालय डीएसपी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी के साथ थाना प्रभारी को आपस में समन्वय स्थापित करते हुए शांतिपूर्ण माहौल में दुर्गापूजा - दशहरा (रावण पुतला दहन) संपन्न कराने को लेकर आवश्यक दिशा - निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा संबंधित प्रखंडो में पूर्व की घटनाओं से सीख लेते हुए

## नियुक्ति में तेजी लाने को लेकर पोषण सखियों ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**गोड्डा ।** झारखंड सरकार संकल्प संख्या 2103 दिनांक 30 अगस्त 2024 के आलोक में पोषण सखियों का सेवा गोड्डा जिला के विभिन्न प्रखंडों में नियुक्ति में तेजी लाने के संबंध में जिले के पोषण सखियों ने समाहरणालय में एकत्रित होकर उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। उपरोक्त विषय के संदर्भ में पोषण सखियों ने उपायुक्त को आवेदन के माध्यम से निवेदन पूर्वक कहा कि हम सभी जिला गोड्डा झारखंड के मूल निवासी हैं। हम सभी जिला गोड्डा जिला के विभिन्न प्रखंडों के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण सखी के पद पर पूर्व से पदस्थापित थे। हम सभी का सेवा झारखंड सरकार के द्वारा समाप्त कर दिया गया था पुनः हम सभी का सेवा झारखंड सरकार के द्वारा वापस किया है। झारखंड सरकार सचिव बाल विकास एवं समाज कल्याण विभाग झारखंड रांची का संकल्प संख्या 2103 दिनांक 30 अगस्त 2024 से वापस किया गया है। गोड्डा जिला के अंतर्गत विभिन्न प्रखंड बाल विकास परियोजना कार्यालय से पोषण सखी का पुनर्बहाली हेतु आवेदन पत्र भी जमा हो चुका है परंतु प्रखंड कार्यालय से अनुमोदन के लिए जिला कार्यालय भेजने में काफी विलंब किया जा रहा है जिससे पोषण सखी बहनों में आक्रोश है। उपायुक्त को यहां बताना आवश्यक पड़ रहा है विगत कुछ दिनों के बाद झारखंड प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने वाला है, ऐसे में विधानसभा चुनाव लिए आदर्श आचार संहिता लागू हो सकता है। इसीलिए हम सभी पोषण सखी बहन निवेदन करते हुए यह कहना चाहती हूँ की पोषण सखी का पुनर्बहाली सूची दो दिनों के अंदर जिला कार्यालय मंगवाने का कृपा की जाए। वहीं पोषण सखियों ने निवेदन करते हुए कहा कि हम सभी के आवेदन पर विचार करते हुए योगदान जल्द से जल्द कराया जाए।

## मोबाईल टॉवर से बैट्री चोरी करने वाला गिरोह का पुलिस ने किया पर्दाफाश



**जामताड़ा ।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र से मोबाइल टावर से बैटरी चोरी करने वाला गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है जिसका खुलासा एसपी डॉ एहतेशाम वकारिब ने अपने कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस करके किया। आगे उन्होंने बताया कि शनिवार को बिन्दापाथर थाना क्षेत्र के घोंघीकाटा गांव स्थित जियो मोबाईल टॉवर से अज्ञात चोरो द्वारा मोबाईल टॉवर में लगे बैट्री तथा डी0जी0 में लगे बैट्री की चोरी कर लिया गया था। जिस संबंध में बिन्दापाथर थाना कांड संख्या 65 /2024 अंकित किया गया। इससे पुर्व में जामताड़ा जिला के जामताड़ा, नारायणपुर, करमाटाँड़, मिहिजाम तथा नाला थाना क्षेत्र में विभिन्न मोबाईल टॉवर में लगे बैट्री तथा डी0जी0 में लगे बैट्री को चोरी कि घटना घटित हो रही थी। आगे कहा कि जिले में लगातार हो रहे विभिन्न थाना क्षेत्र के मोबाईल टॉवर से हुए बैट्री चोरी का उद्भेदन एवं अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा एक विशेष टीम गठित किया। जिसमें अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी जामताड़ा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नाला, एवं विभिन्न थाना के पुलिस पदाधिकारी/कर्मी के द्वारा छापामारी की गई, जिसमें गिरोह के मुख्य सरगना सहीत चार (04) अपराधी को गिरफ्तार किया गया शेष 03 अपराधी भागने में सफल रहे। भागे हुए अपराधी के विरूद्ध पुलिस लगातार छापेमारी की जा रही है।

## आरसेटी ने चलाया स्वच्छ भारत अभियान



गोड्डा :- इंडियन बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान की ओर से स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान आसपास क्षेत्र की सफाई की गई। जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक चंदन कुमार चौहान ने कहा कि सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। अपने संस्थान सहित आसपास क्षेत्र को साफ-सुथरा बनाये रखना सभी का दायित्व है। आरसेटी संस्थान की ओर से सतत प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। ऐसे में प्रशिक्षुओं द्वारा समय-समय पर इस प्रकार की सफाई अभियान चलाने की जरूरत है। निदेशक आरसेटी विनय कुमार यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर पूरे देश में सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में सभी को सफाई करने का अवसर प्राप्त हो रहा है और स्वच्छ भारत अभियान की परिकल्पना साकार हो रहा है। सफाई अभियान में कार्यक्रम संयोजक आदित्य कुमार, कार्यालय सहायक धीरज कुमार मंडल, अशोक कुमार सहित तमाम प्रशिक्षणार्थी शामिल थे।

## बैठक में महागामा ऐतिहासिक दुर्गा मंदिर को लेकर हुई विशेष चर्चा

महागामा प्रतिनिधि गोड्डा / दुर्गा पूजा को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता पुलिस निरीक्षक उपेंद्र महतो एवं थाना प्रभारी शिव दयाल सिंह कर रहे थे। बैठक में दुर्गा पूजा को लेकर मंदिर कमेटी सदस्य उपस्थित थे। बैठक में आए हुए कमेटी सदस्यों ने अपनी-अपनी बातों को रखा। बैठक में महागामा ऐतिहासिक दुर्गा मंदिर को लेकर विशेष चर्चा की गई। कमेटी के सदस्यों ने पूजा पर ज्यादा पुलिस बल की तैनाती की मांग की। साथ ही अन्य समस्याओं से प्रशासन को अवगत कराया। वहीं पुलिस की ओर से दिशा- निर्देश दिया गया कि पूजा पंडाल के सभी सदस्यों का आईकार्ड होना जरूरी है। साथ ही पूजा पंडाल में अग्निशमन की व्यवस्था होनी चाहिए। साथ ही कहा गया कि जगह-जगह पर भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। कहा कि सभी शांतिपूर्ण माहौल में पर्व को मनाएंगे। पूजा कमेटी के सदस्यों से अपील की गई कि अफवाहों से बचें और कहीं पर किसी तरह का कोई अफवाह की सूचना मिलती है तो उसे तुरंत ही पुलिस को सूचित करें। बैठक में शांति समिति के सभी गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा किया जा रहा है बूथ लेवल कमिटी का गठन



**ठाकुर गंगटी(गोड्डा)** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में बारी-बारी से कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा बूथ लेवल कमिटी का गठन काफी तेजी व जोर-शोर से किया जा रहा है। बूथ लेवल कमिटी का गठन के बाद क्षेत्रीय विधायक सह वर्तमान कृषि मंत्री दीपिका पांडे सिंह और वर्तमान झारखंड राज्य सरकार द्वारा बीते पांच वर्ष के कार्यकाल में किए गए कार्यों की जानकारी जन जन तक पहुंचाया जा रहा है। प्रखंड क्षेत्र के कई पंचायतों में बूथ लेवल कमिटी का गठन कर लिया गया है। कई पंचायत क्षेत्र के विभिन्न गांवों के टोलों,मोहल्लों, गलियों सहित घरों घरों में जाकर कांग्रेस कार्यकर्ता व्यक्ति व्यक्ति से मिलकर वर्तमान विधायक सह कृषि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह और वर्तमान झारखंड सरकार की उपलब्धि को गिना रहे हैं। विभिन्न प्रकार के निर्बाध गति से बेतहाशा ऐतिहासिक तौर पर किए गए विकास कार्यों की भी जानकारी दे रहे हैं। जिस गांव, टोले, मोहल्ले में भी कार्यकर्ता जा रहे हैं ग्रामीण समर्थकों द्वारा कार्यकर्ताओं का सम्मान किया जा रहा है। साथ ही साथ ग्रामीण समर्थक खुश नजर आ रहे हैं। कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा कुछ ही कार्यों को गिनाने के बाद ग्रामीण स्वयं अपने से ही विभिन्न प्रकार के विकास कार्यों को गिनाने लगते हैं। खरखोदिया, रंजी, बनियाडीह पंचायत अध्यक्ष, बूथ लेवल कमिटी के सदस्यों से लेकर प्रखंड स्तर तक के कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने बताया कि इस पांच वर्षों के कार्यकाल में दो वर्ष कोरोना काल के माध्यम से परेशानी हुई।इसके बावजूद तीन वर्षों में जो विकास कार्यों को वर्तमान विधायक सह कृषि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह द्वारा किया गया है वह अपने आप में एक ऐतिहासिक है। क्योंकि पिछले 20 वर्षों की तुलना में तीन वर्षों में विकास कार्यों को जिस प्रकार बढ़ाया गया वह अपने आप में ऐतिहासिक है। जिससे कि ग्रामीणों में काफी खुशी देखी जा रही है। कार्यकर्ताओं ने बताया कि प्रत्येक गावों के घर-घर के ग्रामीण खुद विभिन्न प्रकार की विकास कार्यों को खुशी से गिना रहे हैं। साथ ही साथ अधिकांश संख्या में आने वाले चुनाव में पूर्ण रूप से सहयोग करने की बात भी कर रहे हैं। कार्यक्रम में प्रखंड अध्यक्ष जिला सचिव मिहिर महतो, मनोरंजन कुमार, झामुमो नेता शंकर पोद्दार, मंडल अध्यक्ष शहादत हुसैन, रंजन ठाकुर, धर्मेंद्र यादव, अनिल यादव, खुर्शीद आलम, गुड्डू उर्फ अवधेश ठाकुर, प्रकाश मंडल, करमू यादव, वीरेंद्र पासवान, उचित यादव आदि बूथ लेवल कमिटी के सदस्यों के साथ-साथ पंचायत अध्यक्ष, पंचायत कमिटी के सभी पदाधिकारी प्रखंड कमेटी के विभिन्न पदाधिकारी और जिले स्तर के भी कई वरिष्ठ कार्यकर्ता शामिल हो रहे हैं।

## यू जी सेमेस्टर 5 के छात्र-छात्राओं का परीक्षा परिणाम जल्द हो घोषित नहीं तो होगा आंदोलन - राज सोनकर

**जामताड़ा ।** महाविद्यालय में हो रहे विभिन्न समस्याओं को लेकर झारखंड छात्र मोर्चा के नेता राज सोनकर के नेतृत्व में सोमवार को महाविद्यालय के प्रभारी प्रचार्य महोदय कौशल से छात्र-छात्राओं की समस्याओं को लेकर मुलाकात किया गया। इसके अलावे महाविद्यालय प्रसाशन का विरुध्द प्रदर्शन किया गया। साथी छात्र-छात्राओं के लिए विभिन्न मांगो को भी रखा गया।वही जेसीएम के छात्र नेता राज सोनकर ने कहा कि 28 सितंबर को सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय द्वारा यूजी सेमेस्टर 5 के सत्र 2021 - 24 के छात्र-छात्राओं का रिजल्ट प्रकाशित किया गया था। जिसमें जामताड़ा महाविद्यालय जामताड़ा के यूजी सेमेस्टर 5 का रिजल्ट को महाविद्यालय प्रशासन के लापरवाही के कारण छात्र-छात्राओं का रिजल्ट नहीं आ पाया। यदि महाविद्यालय प्रशासन एवं प्राचार्य के द्वारा समय पर परीक्षा संबंधी दस्तावेज विश्वविद्यालय को भेज देता तो आज यह दिन हमारे छात्र-छात्राओं को देखना नहीं पड़ता। वही दस्तावेज नहीं मिलने के कारण विश्वविद्यालय द्वारा महाविद्यालय के सेमेस्टर 5 के रिजल्ट को पेंडिंग कर दिया गया है। जो इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ इसके विरोध में तमाम सभी छात्रों द्वारा प्राचार्य के समक्ष विरोध किया गया एवं उनहे अल्टीमेटम दिया गया की 2 दिन के अंदर परीक्षा परिणाम का प्रकाशन नहीं होता है तो छात्रों द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा और तालाबंदी भी की जाएगी। इसके साथ है महाविद्यालय में पुस्तकालय बिल्डिंग बनकर तैयार है एवं छात्रों को पुस्तकालय की कोई सुविधा नहीं दी जा रही है जो काफी निंदनीय है। जिससे छात्रों को कोई पुस्तक मुहैया कराया नही जा रहा है। इस समस्या का समाधान करने का भी मांग किया गया।

## कार्य से हटाए गए रसोइया दीदी ने सामूहिक आत्मदाह की दी धमकी

**गोड्डा ।** झारखण्ड राज्य विद्यालय रसोईया संघ जिला कमिटी, गोड्डा के निर्णयानुसार मध्य विद्यालय कुर्मीचक के 04 रसोईया एवं संयोजिका को बिना स्पष्टीकरण पुछे जिला शिक्षा अधीक्षक ने बीते दिनों हटा दिया गया था। संघ ने इनके खिलाफ आन्दोलन आमरण अनशन बीता दिनांक 25.07.24 से हटाएं गये रसोईया ने शुरू किया और दिनांक 27.07.24 को अनशनकारी की हालत बिगड़ते हालात में कृषि मंत्री के पहल पर तुरंत डाक्टर टीम को उपायुक्त ने भेजा परन्तु रसोईया के आक्रोश से वार्ता करने के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक धरना स्थल पर पहुंची और संघ के पदाधिकारियों के साथ सकारात्मक वार्ता में स्पष्ट आदेश दिए थे कि तीन दिन में सभी हटाई गई रसोईया को वापस ले लिया जाएगा इसके उपरांत सदर अस्पताल में अनशनकारी को भर्ती कराया गया। स्थिति ठीक होने के बाद दिनांक 28.07.24 महागठबंधन के नेता राजेश मंडल, प्रेम नंदन मंडल, कांग्रेस जिला अध्यक्ष दिनेश यादव तथा माले नेता अरुण सहाय द्वारा जूस पिला कर अनिश्चितकालीन अनशन को समाप्त कराया गया। परन्तु तीन माह बिताने के बाद आज तक विभाग द्वारा स्कूल में वापस नहीं किया गया जिस पर झारखंड राज्य विद्यालय रसोईया संघ ने कल निर्णय लिया और सभी हटाई गई रसोईया ने कहा कि अब हमलोग जिन्दा रह कर क्या करेंगे। अब उम्र भी नहीं रहा कही कमाने का, इस उम्र में बेटा- बहु भी ने भी घर से निकल दिया अब हमलोगों के पास मरने के सिवाय कोई और चारा नहीं है। वहीं जिला अध्यक्ष सुरेश्वरी देवी ने कहा की हम सामुहिक आत्मदाह की सूचना मुख्यमंत्री से लेकर थाना तक प्रेषित कर दिया है जिसमें लिखा है कि 07 अक्टुबर को शाम 4 बजे शहीद स्तंभ पर हम सभी हटाए गए रसोईया सामुहिक आत्मदाह करेंगे।

## दुर्गापूजा को लेकर शांति समिति की हुई बैठक



**मेहरमा संवाददाता ।** आगामी दुर्गा पूजा को शांति पूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर बलबड्डा थाना परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी मेहरमा अभिनव कुमार व बलबड्डा थाना प्रभारी राहुल कुमार चौबे के नेतृत्व में शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। वहीं बैठक में मुख्य रूप से दुर्गा पूजा को शांति पूर्ण तरीके से संपन्न कराने पर विशेष चर्चा हुई। वहीं बलबड्डा बाजार में आयोजित होने वाले दुर्गा पूजा के सभी विषयों पर ध्यान दिया गया। साथ ही मूर्ति विसर्जन के साथ साथ रावण वद कार्यक्रम कैसे शांति पूर्ण संपन्न हो उस पर विशेष चर्चा हुई। वहीं थाना प्रभारी राहुल कुमार चौबे ने बताया कि मंदिर परिसर के आसपास लगने वाले मीट बाजार पर पूर्णतः पाबंदी रहेगी। वहीं उपस्थित पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी अभिनव कुमार ने बताया कि रात्रि दस बजे के बाद लाउडस्पीकर पर पूर्णतः पाबंदी के साथ-साथ प्रतिमा विसर्जन के दौरान डीजे पर भी पाबंदी रहेगी। वहीं मेले के दौरान चप्पे चप्पे पर प्रशासन की निगरानी रहेंगी। वहीं किसी प्रकार के संप्रदायिक टिप्पणी शांति भंग करने वाले पर प्रशासन की पैनि नजर रहेगी।

## विधानसभा चुनाव को लेकर तेली समाज ने की अहम बैठक



**गोड्डा ।** जिला मुख्यालय स्थित लोहिया नगर में तेली समाज की अहम बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक की अध्यक्षता अखिल भारतीय तेली महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण कुमार साह ने किया। बैठक के दौरान अखिल भारतीय तेली महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण कुमार साह ने बताया कि तेली समाज के लोग 90 प्रतिशत मतदान भारतीय जनता पार्टी को करते हैं, लेकिन इसके बावजूद तेली समाज को दरकिनार किया जा रहा है, तेली समाज को अभी तक राजनीतिक भागीदारी नहीं मिली है, उन्होंने बताया कि गोड्डा जिला में 19 मंडल अध्यक्ष है, लेकिन एक भी मंडल अध्यक्ष तेली समाज से नहीं है, वही झारखंड में 24 जिला अध्यक्ष है, लेकिन एक भी जिला अध्यक्ष तेली समाज के नहीं है, प्रदेश कमेटी में भी कोई पदाधिकारी तेली समाज से नहीं है, झारखंड में 81 विधानसभा सीट में एक भी टिकट तेली समाज को नहीं दिया जाता है। तेली समाज अब यह अपमान नहीं सहेगी, अगर भारतीय जनता पार्टी तेली समाज को राजनीतिक भागीदारी का हिस्सा नहीं बनाती हैं तो आगामी विधानसभा चुनाव में एकजुट होकर उस पार्टी को वोट करेंगे जो पार्टी हम लोगों के समाज को सम्मान देगी। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के आलाकमान नेताओं से मांग किया कि झारखंड में सात विधानसभा टिकट तेली समाज को मिले, वही संथाल परगना में तीन सीट तेली समाज को मिलना चाहिए। श्री शाह ने बताया कि हमारे समाज के कई कर्मठ कार्यकर्ता है जो वर्षों से भारतीय जनता पार्टी का सेवा करते आए हैं, लेकिन उसके बावजूद भी इन लोगों को कभी भी सम्मान नहीं मिला, जामताड़ा के दुबराज मंडल, दुमका के निवास मंडल, देवघर के दयानंद, भोजपुर के अरुण साह, जो वर्षों से भारतीय जनता पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ता रहे हैं लेकिन आज तक पार्टी ने उसे सीट नहीं दिया। आगामी विधानसभा चुनाव में अगर तेली समाज को भारतीय जनता पार्टी सम्मान नहीं देती है तो, जो भी पार्टी हम लोगों की बातों को सुनेगा, हम लोगों के समाज को सम्मान देगा, हम लोग उन्ही को समर्थन करेंगे। इस दौरान बैठक में अरुण साह, मृत्युंजय साह, गणेश साह, फुदन साह, गुरुदेव साह, नीलम देवी, चंद्रशेखर साह, डॉक्टर जयप्रकाश साह, गुनाधर साह, ज्ञानदीप साह, सोनू साह, मेघनाथ साह, प्रवीण साह, सियाराम साह, गणेश साह, जागेश्वर साह, रतन साह, गौरव साह, शरण साह, छबिलाल साह सहित विभिन्न प्रखंड के दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## खेलो झारखंड राज्यस्तरीय प्रतियोगिता को लेकर शारीरिक शिक्षको रांची रवाना



**गोड्डा।** खेलो झारखंड राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के सफल संचालन हेतु गोड्डा जिले के शारीरिक शिक्षा शिक्षको का समूह रांची रवाना हुआ। राज्य परियोजना निदेशक द्वारा निर्गत पत्र में गोड्डा जिले में पदस्थापित शारीरिक शिक्षा शिक्षको को 1अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक विभिन्न खेलो का संचालन करना है।शारीरिक शिक्षा शिक्षक सह राष्ट्रीय शूटिंग खिलाड़ी अनुपम मिश्रा शूटिंग में राष्ट्रीय गतका रेफरी राजेश पांडेय गतका में, राष्ट्रीय जूडो रेफरी भावेश कुमार जूडो में, राष्ट्रीय तैराक शेखर कुमार तैराकी में प्रतियोगिता का संचालन करेंगे। इनके अतिरिक्त संतोष कुमार, संतोष शर्मा, राजेश यादव, शशिकांत शर्मा, रंजन यादव, अशोक यादव, सुनील यादव, सूर्यनाथ, अतुल राय, सुशील दास, ललन कुमार, पूजा कुमारी, बच्चन सिंह, प्रशांत सिंह, जयशंकर सिंह, संजीव तिवारी, नीरज कुमार सिंह, जितेंद्र कुमार विभिन्न खेलो के संचालन में सहायता प्रदान करेंगे।

## बंदर के आतंक से अंबा के लोगों को मिली मुक्ति

, कुंडहित (जामताड़ा)सोमवार को वन विभाग के रेस्क्यू टीम अंबा रामपुर कुंडहित गांव पहुंचकर उक्त बंदर को पिंजरे में कैद कर लिया वही उसे सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया गया।जानकारी के अनुसार बीते 3 दिन पहले उक्त बंदर ने अंबा रामपुर शालदहा, सियारसुली,सहित अन्य गांवो में उत्पात मचा रखा था। वही दर्जन लोगों को काटकर घायल कर दिया था । बंदर के आतंक से लोग डरे समय हुए थे।लोगों ने राहत की सांस-बंदर के रेस्क्यू हो जाने से लोगों ने राहत भरी सांस ले इस संबंध में अंबा रामपुर गांव के लोगों ने बताया कि बंदर के दर से हम लोग अपने बच्चों को अकेले छोड़ नहीं पाते थे, बंदर जिसे मन होता था नोच देते थे।

## आज से शुरू होगी ऐसे वन की परीक्षा

महागामा प्रतिनिधि गोड्डा / सोमवार को राज्य के उत्कृष्ट एवं प्रखंड स्तरीय आदर्श विद्यालय में कक्षा आठवीं से 12वीं के लिये ऱ-1 परीक्षा हेतु मध्य विद्यालय (बालक) महागामा गोड्डा परीक्षा केन्द्र पर वीक्षकों के योगदान के उपरांत केन्द्राधीक्षक डॉज़ मधुलिका मेहता के द्वारा केन्द्र पर प्रतिनियुक्त वीक्षकों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें केन्द्राधीक्षक के द्वारा कदाचार मुक्त परीक्षा के सफल संचालन के लिये सभी वीक्षकों को मुस्तैद रहने को निर्देश दिया गया। शांतिपूर्ण परीक्षा हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। यथा एक एक परीक्षार्थी को जाँचोपरांत ही परीक्षा हॉल में प्रवेश करने दिया जाये। परीक्षा कक्ष में ड्यूटी के दौरान किसी भी विद्यार्थी के द्वारा कदाचार बर्दाश्त नहीं करने है। किसी भी तरह के इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस परीक्षा हॉल में ले जाने की इजाजत नहीं है।

## मुख्यमंत्री ग्राम सड़क के विशेष मरम्मती कार्य का विधानसभा अध्यक्ष ने किया शिलान्यास



**कुंडहित (जामताड़ा)** सोमवार को विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ नाथ महतो ने तीन मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क विशेष मरम्मती सह सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास नारीयल फोड़कर किया। इस दौरान ग्रामीणों ने विधानसभा अध्यक्ष को जोरदार स्वागत किया। सिकन्दपुर मोड़ से काठिजुड़िया, बागडेहरी से चुहादहा, एंव हाथीमारा से नौडिहा सड़क विशेष मरम्मती सह सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास किया । इस दौरान उपस्थित ग्रामीण को जानकारी देते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने कहा मैं क्षेत्र के जनता की अपार प्रेम और श्रद्धा को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं पर ध्यान दिया जा रहा है ।मेरे प्रयास से क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछाया गया । आज 20 साल बनाम 5 साल में मैंने नाला विधानसभा में इतनी सड़क निर्माण का कार्य कराया जो गिनने से कम पड़ जाएगा ।मैंने उन सड़कों पर ध्यान है जो जर्जर हो गया और मरम्मती की आवश्यकता है। उन सभी सड़कों का जल्दी ही सुदृढ़ीकरण का कार्य शुरू किया जाएगा। बीते दिन खजूरी से मुड़ाबेड़िया का सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। आज तीन सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया । उन्होंने कहा विकास के लिए सड़क होना अति आवश्यक है मैंने इस बात को ध्यान में रखते हुए नाला विधानसभा क्षेत्र में मुख्य सड़क से जोड़ने वाले तथा गांव के कच्ची सड़क को जोड़ने वाले सभी सड़कों को मजबुतीकरण तथा सुदृढ़ीकरण का काम करने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा आने वाला समय में इस क्षेत्र में सड़क को लेकर किसी जनता का शिकायत नहीं मिलेगा। मौके पर जयश्रर मुर्मू, मनोरंजन सिंह, कुतुबुद्दीन खां,एतवार खा, बापी सिंह, ताजउद्दीन खां, सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## अनुमंडल पदाधिकारी ने किया मेला स्थान एवं रावण दहन स्थल का निरीक्षण

मेहरमा संवाददाता - सोमवार की शाम को बलबड्डा में दुर्गा पूजा मेला पंडाल व राम सुन्दर राम उच्च विद्यालय बलबड्डा में रावण दहन स्थल के साथ-साथ पूरे मेला क्षेत्र का महागमा अनुमंडल पदाधिकारी आलोक वरण केसरी के द्वारा निरीक्षण किया गया। जहां उन्होंने आवश्यक दिशा-निर्देश दिया एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी अभिनव कुमार, बलबड्डा थाना प्रभारी राहुल चौबे एवं पूजा समितियों के अध्यक्षों से जानकारियां ली।

## राष्ट्रीय पोषण माह के समापन पर रंगोली कार्यक्रम आयोजित



**संवाददाता नाला** (जामताड़ा) -- बाल विकास परियोजना कार्यालय के सभागार में राष्ट्रीय पोषण माह का समापन हुआ। इस अवसर पर पर्यवेक्षिका विभा रानी सिन्हा की देखरेख में सभी सेविकाओं के द्वारा रंगोली बनाई गई। जिसमें स्थानीय शाक सब्जी के अलावे विभिन्न पोषक तत्व युक्त फल एवं सब्जियों से रंगोली बनाकर पोषण की जानकारी दी गई। इस अवसर पर पर्यवेक्षिका विभा रानी सिन्हा ने आंगनवाड़ी सेविकाओं को उनको पोषक क्षेत्र के गर्भवती महिलाओं तथा उनके सेंटर में आने वाले बच्चों को सही एवं उचित पोषण,संतुलित आहार कैसे मिले उसके बारे में जानकारी दी गई। साथ ही रंगोली में बनाए गए शाक सब्जियों की उपयोगिता तथा उनके उपलब्ध होने वाले पोषक तत्व की जानकारी दी। मालूम हो कि इसके अलावे गोदभराई, अन्नप्रासन, शपथ ग्रहण आदि कार्यक्रम किए गए। इस अवसर पर शांता दास,शिउली हालदार, शिल्पी गोस्वामी,अनीता महतो,मीरा मंडल, कल्पना मंडल,सकुंतला दास,सुशीला दां,पूर्णिमा मुर्मू,बिभिजन टुडू फुलटुसी बाउरी ,ललिता टुडू,बिलादी मुर्मू,प्रभाती सोरेन,ममता मंडल,पकी मुर्मू,जलानी हेम्ब्रम,समाज सेवी जितेंद्र नाथ मंडल,कैलाश मंडल,कंप्यूटर कौशिक भट्टाचार्य आदि मौजूद थे।

## दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की हुई बैठक



**बसंतराय ।** दुर्गा पूजा महोत्सव को शांति पूर्ण तरीके से मनाने को लेकर बसंतराय थाना परिसर में रविवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी सत्यदीप कुमार ने किया। इस दौरान थाना प्रभारी ने कई दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि किसी भी भड़काऊ वीडियो या तस्वीर सोशल मीडिया पर नही डालेंगे। जैसे फेसबुक, इंस्टाग्राम, सोशल मीडिया ग्रुप में विशेष संप्रदाय धर्म, जाति के लोगों की भावनाओं को आहत करने वाले लोग बक्से नहीं जायेंगे। नफरत फैलाने वाले लोगों और ग्रुप एडमिन के मोबाइल नंबर को लेकर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्र में सभी जगह हो रही दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर बसंतराय पुलिस आग्रह करती है। वहीं बैठक में उपस्थित बसंतराय प्रखंड के अंचलाधिकारी प्रभाष चंद्र दास ने बैठक में उपस्थित सभी लोगों से आग्रह किया कि शांति पुर्ण तरीके से सभी लोग दुर्गा पूजा मनाये और पूजा कमिटी अपने पूजा पंडाल में सीसीटीवी कैमरा लगावे। वहीं बैठक में उपस्थित पथरगामा संभाग के पुलिस निरीक्षक ने कहा कि पंडाल के आसपास शराबी, नसेड़ी आदि को न आने दें, ये जिम्मेवारी पूजा समिति के अध्यक्ष या पुरी कमिटी की है। यदि ऐसे लोग समझने पर नही मानते हैं तो प्रशासन को सूचित करें। वहीं बैठक में उपस्थित प्रखंड प्रमुख अंजर अहमद ने कहा कि दुर्गा पूजा न केवल धार्मिक उत्सव है बल्कि यह समाज में एकता और भाइचारे का प्रतीक भी है। उन्होंने सभी से अपील किया की मिलकर यह सुनिश्चित करे कि इस पर्व का आयोजन शांतिपूर्ण हो। वहीं बैठक में समाजसेवी सीताराम खैतान, पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि गुड्डू यादव, लोकनाथ गुप्ता, प्रमोद भगत, राजेश कुमार शाह, मुखिया रिंटू चौधरी, रतन कुमार झा, अनिल मिश्रा, धपरा मुखिया आलमगीर आलम एवं बसंतराय क्षेत्र के दोनों समुदाय के पंचायत प्रतिनिधि एवं क्षेत्र के अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

## दुर्गा पूजा में निर्वाध विद्युत आपूर्ति के लिए विभाग ने कसी कमर

पथरगामा संवाददाता- दुर्गा पूजा के अवसर पर विद्युत आपूर्ति निर्वाध रखने के उद्देश्य से स्थानीय विद्युत विभाग के कर्मियों ने अपनी कमर कस ली है। जिस जिस स्थान पर विद्युत आपूर्ति बार-बार खराब होते रहती थी उन चिन्हित जगह को ठीक किया जा रहा है। उसी क्रम में आज संध्या पथरगामा चौक स्थित बड़ी दुर्गा मंदिर के पास लगे विद्युत के तारों में सेपरेटर को चुस्त दुरुस्त कर दिया गया। सेपरेटर को ठीक कर देने से तार टूट कर गिरने जैसी बड़ी दुर्घटना पर विराम लग गया है। स्थानीय विद्युत कर्मी अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार को अगर मौसम ठीक-ठाक रहा तो 10:00 बजे से थाना रोड, डाकघर के पास तथा अमडिहा मोड़ के पास बिजली तार में सटे पेड़ के डाल को काट दिया जाएगा ताकि पूजा के अवसर पर विद्युत आपूर्ति में बाधा नहीं आए। इसके अलावे भी जहां कहीं बिजली के तार में कोई झाड़ झंखाड या डाल वगैरा सटा हुआ है उसको साफ किया जाएगा। इन सब कार्यों के लिए लगभग 3 घंटा विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

# माराङमंत्री दो़ 2 अक्टूबर हिलोक् झारखंड ए हिजुक्आ

खोबोरिया



**नावां दिल्ली।** माराङमंत्री नरेन्द्र मोदी दो़ 2 अक्टूबर हिलोक् झारखंड रेय हिजुक्आ। माराङमंत्री कार्यालय दो़ सोमवार हिलोक्ए नोआ काथाय लाइ केदा आरे लाइ केदा जे नोआ ओ़कते उनी दो़ तिकिन रे पासेच् 2 बजे लेका हजारीबाग रे 83,300 करोड़ टाका खो़न जा़सती रेयाक् आयमा परियोजनाकोय शिलान्यास, एतो़हो़ब आरे उद्घा़वा। दिसा़म भोर रे आदिवासी समुदाय रेयाक् फायलाव ते आर लाहान्ती गोटाय रेयाक् आयाक् तेयारो़क् लेकाते, माराङमंत्री दो़ 79,150 करोड़टाका खो़न जा़सती रेयाक् कुल परिब्यय सांवते धरती आबा जनजातीयग्राम उत्कर्श अभियान रेयाक्ए एतो़हो़बा। नोआ अभियान 30 गो़टेच् पो़नो़त आर केंद्र शासित पो़नो़त रेयाक् 549 जिला आर 2740गो़टेच् ब्लॉकको रे 5 करोड़ खो़न जा़सती आदिवासी हो़ड़कोलाभानको मुटामुटी 63,000 आतोय कवरआ। नोआ मो़तलो़ब दो़ भारत सरकाराक् आयमा लेकान 17 मंत्रालय आर विभाग होतेते कार्यान्वित 25हस्तक्षेत्र होतेते सामाजिक बुनियादी ढांचा, स्वास्थ्य शिक्षा आजीविका रेजा़रूड़ान अंतराल पेरेज होयोक्आ। जनजातीय समुदायको ला़गित्शैक्षिक बुनियादी ढांचा बाढाव एमावाक् ला़गित् माराङमंत्री दो़ 40 एकलब्य मॉडल आवासीय विद्यालय रेयाक्ए उद्घा़वा आर 2,800 करोड़टाका खो़न जा़सती लागात रेयाक् 25 ईएमआरएस रेयाक् आधारशिलायदो़हो़या।

# रिश्वत मामला रे राजस्व कर्मचारी दो़ मो़ड़ें बो़छो़र जो़हो़ले रेयाक् सा़जा़ई


खोबोरिया

**रांची।** रिश्वत हाताव आकात् दुसी नामकुम अंचल रेन राजस्व कर्मचारी संजय साव दो़ एसीबी रेयाक् अदालत दो़ केटेच् जो़हो़ल रेयाक् सा़जा़ये आंजो़मादेया। एसीबी रेन विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार सिंहवाक् अदालत दो़ ओ़तेमाहां हिलोक् दुसी संजय साव दो़ मो़ड़ें बो़छो़र रेयाक् केटेच् सा़जा़ये आंजो़मादेया। एकेन नुना़क् मो़तो़ दो़ बाङ बिचको़म उनी उपा़र रे 45 हजार टाका डांडो़म हो़ंय लागाव आकादेया। डांडो़म टाका बाय एमो़क् रे उनी दो़ आरे चान्दोबा़ड़ती सा़जा़ई काटाव होयोक् ताया। अदालत दो़ पारो़मेन 25 सितंबर हिलोक् रिश्वत हाताव आकात् रेन दुसी ञाम काते जेल तेय भोराव लेदेया। उनी उपा़र रे दाखिल खारिज बाखरासूचक ठेन खो़न 5 हजार टाका रिश्वत हाताव रेयाक् दो़स लादेयाकानताहेंकाना। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) दो़ उनी रिश्वत सालाक् 24 जुलाई, 2010 हिलोक्ए साप् लेदेया। उन ओ़कते रे डीसी गे साप्आकादे दुसी उपा़र रे मुकदमा चालाव रेयाक् अनुमति दो़य एम लेना।



# पा़ठवा़कोवाक् डाटाको जांच केदा आरको सोलहावात्कोआ

खोबोरिया



**रांची।** रिलेशंस आर डेंटावीटा डेंटल डेंटिस्ट्रेरी एंड ब्रेसेस क्लिनिक कांके रोड रेयाक् डॉ सौ या सिन्हा दो़ सैकड़ाके पा़ठवा़कोवाक् डाटाको जांच केदा आर ञेल जो़तो़न ला़गित् होंकोजागवार केत्कोआ। रिलेशंस सेच् खो़न बरियातू रोड रे मेनाक् हिलटॉप पब्लिक स्कूल रे सोमवार हिलोक् निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर रेयाक् ओराम एना। नोआ रे सैकड़ा पा़ठवा़कोवाक् डाटाको जांच केदा आर ओना ञेल जो़तो़न हों फायलाव तेको ला़यात्कोआ। गिदरा़वाक् बेसते स्वास्थ्य ला़गित् रिलेशंस दो़ डेंटावीटा डेंटिस्ट्रीएंड ब्रासेस डेंटल क्लिनिक सांवते ञापाम काते नोआ डाटा रान शिविरदो़ ओराम एना। डॉ सौ या दो़य मेन केदा जे गिदरा़ दो़ डाटा साफायरे बाको धेयानाक् काना। नोआ खा़तिर ते डाटा रे कैविटी जा़सतीजामाक् काना। नोआ ते डाटा रे सेयाक् लागाक् काना। ओनाइया़ते डाटा रेयाक् स्वच्छता रे खास धेयानाक् जा़रूड़ काना। शिविर रेपायरिया, लोरोसिस, कैविटी रेन जा़सती रोगीको ञाम एना। नोआ ताक रे आसो़लकाय ते हिल टॉप पब्लिक स्कूल रेन प्राचार्या संगीता राज, उप प्राचार्य सुनीता श्रीवास्तव, रिलेशंस रेन आशुतोश द्विवेदी, रंजित गुप्ता घालो़क् एटाक्कोको ताहेंकाना।

# अनुमण्डल स्तरीय समिति होतेते सापड़ावाकान डीएसआर दो़को बा़हुवादा

खोबोरिया

**रांची।** रांची रेन उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हावाक् आ़युर रे ओ़तेमाहां हिलोक् पत्थर लघु खनित बाबो़त रे अनुमण्डल ता़री रेन समितिको सेच् खो़न सापड़ाव आकात् डिस्ट्रिक सर्वे रिपोर्ट (डीएसआर) बा़हुवात् ला़गित् दुपुड़ुप् ओरामेना। दुपुड़ुप् रे जिला खनन पदाधिकारीको होतेते ला़ईयेना जे पर्यावरण,वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार सेच् खो़न भारत रेयाक् राजपत्र रे उछा़नाकान अधिसूचना रेयाक् आलोक रे अनुमण्डल स्तरीय समिति सेच् खो़न रांची जिला रेयाक् पत्थर लघु खनिज (गितिल छाडा) रेयाक् ड्रा ट डिस्ट्रिक सर्वे रिपोर्ट (डीएसआर) दो़ 12 जून हिलोक् जिला रेयाक् एनआईसी पोर्टल रेको अपलोड केदा। 21 दिन तायो़म हो़ड़को ठेन खो़न आपो़ती आर सोलहा ञाम तायो़म ड्रा ट डिस्ट्रिक सर्वे रिपोर्ट (डीएसआर) दोको सुधा़र केदा। गालमाराव तायो़म अनुमण्डल स्तरीय समिति सेच् खो़न सापड़ाव आकात् डीएसआर दो़को बा़हुवादा।



## ढो़ढो़क हो़ड़कोवाक् का़ईतुक



**- श्याम बेसरा "जिवी राड़ेच्"**

एकाल पा़तिया़उको़क्पे,
तेहेञ दो़ हो़ड़ बेबा़ड़िच्को ठो़क आचोक् काना,
ईटा़ भाटा रे दिना़म मा़जरी आताङिच्कान,
एमान तेयाक् तेय का़मी आ़सुलो़क्कान
बेओ़ल पाड़हाव आर
बा़पुड़िच् रेंगेच् ओ़रेच् आतो डिहा़त रेन हो़ड़,
नालहा का़मी हो़ड़
जाहांय बाङ जाहांय ठेनको ठो़क आचो़क्कान गेया।
घाने दो़ सारकारी पोंथा मनरेगा, ञुतुम ते,
घाने दो़ ओनकान पोन्था रेयाक् जोहड़ा ञुतुम ते,
सारकार नोको दिना़म हिला़क् नालहा आ़सुलो़क्कान,
हो़ड़ाक् ओ़बो़सता सुधरा़उ आर
मो़ंज ते जिया़नको खेमाव,
ओनकान पोन्था हिजुक् ते गे ताहेंन काना।
मेनखान बा़पुड़िच् सीधा़ सादा नेमरो़त,
जाहांय बाङ जाहांय ठेनको ठो़क आचोक् काना।
घाने दो़ राशन कार्ड ञुतुम ते,
घाने दो़ आधार कार्ड ञुतुम ते।
इञ दो़ उन रे ढेरतेत् एदरेञ आ़ईका़वा,
मित्टेन रूकुन-तुकुन बुढ़ही हो़ड़,
ठेंगा बोरसा ताड़ाम ते हों का़रीघाम,
मूँ चेतान रे सुता़म तेय झिन टारहावाकाक् चाश्मा,
मोतियाबिन्द ते ञुडुंय ञेञेलकान,
मेंत्हां रेयाक् गुढ़ही हारता खो़न,
चेत् हुरित् तोदोक् लेकाको ठो़ककोआ।

# मो़ंज ते बाङ जा़पित् लेखान निपुट ला़गित् ते होय दाड़ेयाक्आ आयमा लेकान मुसकिलाक्



खोबोरिया

**नावां दिल्ली।** आ़डीगान हो़ड़ दो़ नेतार आपनाराक् जा़पित् रे धियान दो़ बाडको दो़हो़येत् काना। ओना इया़ते नेतार आयमा हो़ड़ दो़ हो़ड़मो़ तेयाक् मुसकिलाक् तेको को़सटो़क् आकाना। का़मी रेको भिड़को़क् काना आर आ़डी बिला़म ते ओड़ाक्को हिजुक् काना आर सेताक् सेच् उसा़राको बेरेदो़क्कान ते, नोवाको कारो़न ते हो़ड़ दो़ आपनाराक् जा़पित् ला़गित् ते को़सटो़क् होयोक्कान ताकोआ।

नोआ दो़ एकेन आबोवाक् हुदिस निपुट रे एसेर पाड़ा़ काना, मेनखान हो़ड़मो़ निपुट ला़गित् ते आ़डी लेकानाक् मुसकिलाक् रे बो़दो़ल दाड़ेयाक्आ। बिला़म ते जा़पित् लेखान होय दाड़ेयाक्आ लुकसान। स्टडी ते बाडायोक् काना जे मो़ंज ते बाडेम जा़पित् लेखान हो़ड़ाक् मो़ने रे बा़ड़िच् हुदिस जानामो़क् काना। मो़ने रे चिन्ता़ आर रांगाव ताहेन खान मो़ंज हुदिस-बिचा़र रे हों एसेर पाड़ा़क् काना। मो़ंज ते बाङ जा़पित् लेखान हार्ट अटैक, मधुमेह आर मोटाक् रे आयमा लेकानाक् आजार ढेरो़क् काना। नोआ ते हो़ड़ दो़ बाबात्कोआ आर हो़ड़मो़ रे लांगाको आ़ईका़वा, ओका दो़ गापा दिन ला़गित् का़मी रे मो़ने बाङ लागाक्आ। गा़खुड़ हो़ड़ाक् मेमेन दो़ नोआ काना जे जुदि आम स्कूल कॉलेज रेम पाड़हाक् काना, तो़बे मो़ंज ते जा़पित् दो़ आ़डी जा़रूड़ गेया। मो़ंज ते बाडेम जा़पित् लेखान आ़डी आसकित आ़यका़क्आ, ओका दो़ पाड़हाक् रे हों मो़ने बाङलागाकाना। ओना छाडा गिदरा़ आर जुवा़नको दो़ कोमको जा़पित् लेखान ओनकोवाक् निपुट रे बा़ड़िच् एसेर पाड़ाव दाड़ेयाक्आ। नोंकान मुसकिलाक् खो़न बांचाक् ला़गित् ते आ़डी आलगा उपा़ई मेनाक् आकादा। जो़तो़ खो़न लाहा रे दिं जा़पित् ला़गित् ते सही सो़मो़य बेनावमे। चेत्लेका आम ञिदा़ 10 बजे एम जा़पित्एत् काना, तो़बे सेताक् 6 बजेहा़बिच् ते दो़ बेरेदो़क्मे। मोटामुटी आरे घांटागान रेयाक्जा़पित् जा़रूड़ काना। नोआ छाडा जा़पित् खो़न मित् घांटा लाहा जो़तो़ इलेक्ट्रॉनिक (लाईट) जिनिसको दो़ बो़न्दकाक्मे, चेदाक् एनतेक् नोआ ते दो़ जा़पित् रे दिका़त होयोक्आ। आटेत्आक् दो़ साफा-साफी होयोक् जा़रूड़ काना।

मित्टेन साफा-साफी ओ़नो़रो़ल र जा़पित् ला़गित् ते दो़ मो़ंज होयोक् काना। धियान आर योगा ते हों मो़ंजेम जा़पित् दाड़ेयाक्आ। नोआ छाडा ञिदा़ सेच् कोम गे दाका जोममे आर थोड़ागान दाड़ां बाड़ांयमे। नोआ उपा़ई ते एकेन मो़ंज तेमजा़पिदो़क्आ मेनखान आपनाराक् हुदिस आर हो़ड़मो़ निपुट ला़गित् ते हों मो़ंज होयोक्आ।

# लोहरदगा शांति समितियाक् दुपुड़ुप् रे डीसी दो़ आयमाय हुकुमात्कोआ

खोबोरिया



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृश्णावाक् आ़युर रे दशहरा दाराय कानते जिला ता़री तेयाक् शांति समितियाक् दुपुड़ुप् दो़ जिला परिशद कार्यालय, लोहरदगा रे मेनाक् सभाकक्ष रे ओराम एना। दुपुड़ुप् रे उपायुक्त दो़य मेन केदा जे दुर्गा पुजा लोहरदगा जिला रे आ़डी गे धूमधाम आर सौहार्द्रपूर्ण ता़रीका तेको मानावेत् काना। जो़तो़ पूजा़ समितिको जो़नो़ड़ाव थानाको रे दुर्गा मूर्ति बासानको सो़मो़य बाडाय ओ़चोको़पे। ओका सो़मो़य गोटावाकान ओना सोमोय भितरी ते मुरती बासान होयोक्। ओ़क्रामको सो़शल मीडिया दो़ल रे खास कंट्रोल दो़हो़यपे। डीसी दो़य मेन केदा जे समितिको रेन वॉलेंटियर्स सांवते पुलिस आर प्रशासनिक पदाधिकारीकोवाक् मित् दुपुड़ुप् गोटाक्आ, नोआ रे वॉलेंटियर्स रूप रे आकोवाक् कर्तव्य पुरा़उ रेयाक् ला़याकोआ। सांवते गे अग्निशमन विभाग रेन पदाधिकारीको होतेते पूजा़ पंडाल रे सेंगेल रेयाक् खतरा ते आपात हालो़त रे सामबड़ावक् रेयाक् ता़रीका आर अग्निशामक बेबो़हार बाबो़त रे हों ला़याकोआ। जो़तो़ थाना प्रभारी डीजे चाक्लावको ठेन ओ़ल काते सहमति ञामपे, नोआ रे जाहांय संचालक जाहां मोबाइल ते जाहां खास गाना बाजाव रेयाक् अनुमति बाङ होयोक् सेलेदो़क्।

# वनाधिकार कानून रेयाक् रामगढ़ रे कांड़गोक् काना, ग्राम सभा मंच दो़को प्रदर्शन केदा

## ग्राम सभामंच रेन आ़युरमांडेर दो़ मो़ड़ें सूत्री खो़ज ला़गित् डीसीको एमावादेया ज्ञापन

खोबोरिया



**रामगढ़ ।** जिला रे वनाधिकार का़नून रेयाक् कांड़गोक् काना। आदिवासी आर वन क्षेत्र रे ताहेंनो़क् हो़ड़को ओनकोवाक् आ़धिकारको खो़नको वंचित इदीयेत्कोआ। वन विभाग रेन अधिकारी आकोवाक् मनमानीको चालावेत् काना। ओना इया़ते हो़ड़को पारेशानो़क् काना। नोआ मुद्दा रे सोमवार हिलोक् जिला ग्राम सभा मंच रेन अध्यक्ष हीरालाल मुर्मूवाक् आ़युर रे मित् माराङ प्रदर्शन होय एना। पारंपरिक वेशभूशा हो़रो़क् काते आदिवासी सोमाज रेन हजारके हो़ड़ कोठार ओवर ब्रिज खो़न डीसी आ़फिस हा़बिच् प्रदर्शन तुलुचूको सेटेर एना। ओनकोवाक् ती रे पारंपरिक अस्त्र शस्त्र हों ताहेंकाना। प्रदर्शन तायो़म आ़युरमांडेर रे सेलेत् रा़सिया़ डीसीचंदन कुमार सांवतेको ञापाम एना आर मोड़ें सूत्री ज्ञापनको एमावादेया। नोआ ओ़कते जिला ग्राम सभा मंच रेन अध्यक्ष हीरालाल मुर्मू दो़य लाइ केदा जे रामगढ़ जिला रे वन अधिकार कानून 2006 नियम 2008 आर संशोधित नियम 2012 दो़ विधि स मत बाको ला़गूयेत् काना। सैकड़ाके व्यक्तिगत आर सामुदायिक वनाधिकार दावे अनुमंडल से जिला़ ता़री रे लंबित तेन आकान मेनाक्आ। सामुदायिक वन अधिकार पट्टा रे केंदु पत्ता बेबो़साय रेयाक् अधिकार आर धारा 31 ख रे निस्तारी से धारा 31 ठ रे एटाक् पारंपरिक हो़क रूप रे कृशि औजार लेकान हल जुवाट एमान घेरलू बेवहार रेयाक् काट आ़गूय अधिकार बा़नुक्आ। धारा 31 झ लेकाते ग्राम सभा बिरको रेयाक् संरक्षण, संवर्धन आर प्रबंधन रेयाक् अधिकार मेनाक्आ। मेनखान ओनको बाको एमावाको काना। नोआ लेकाते वन अधिकार कानून रेयाक् आयमा लेकाते उल्लंघन होयोक् काना। ग्राम सभा मंच दो़ डीसी चंदन कुमार ठेन वन अधिकार कानून ला़गूय आर लंबित तेनाकान वन अधिकार दा़बीको फण्डाव, कानून रेयाक् कांड़गोयको सरकारी अधिकारीको, कर्मचारीको आर जनप्रतिनिधिको रे एससी एसटी एक्ट लेकाते कार्रवाई होयोक्, वनाधिकार ला़गूय रे रिकिड़ समितिको चेतान नाहांचार बो़ंदो़य, वन अधिकार का़मिया़को चेतान रे एड़े केस मुकदमा दो़ रद्द ला़गित्को खो़ज आकादा।

# शिक्षा, जलापूर्ति, बिजली आर सो़ड़ो़क बाबो़त तेयाक् योजनाको उसा़रा ते पुरा़उपे अधिकारी : सांसद

खोबोरिया



**रामगढ़।** जिला रे तिना़क् योजनाको चालाक् काना, ओना दो़ हो़ड़को हा़बिच् उसा़रा सेटेर जा़रूड़ काना। आतरा योजनाको सो़मो़य रे पुरा़उ होयोक् मा आर ओना रेयाक् गुनतेत् रे पुरा़उ धेयान एमावाक् होयोक् मा। नोआ काथा दो़ सोमवार हिलोक् समाहरणालय सभागर रे ओराम डिस्टिक डेवलपमेंट कोऑर्डिनेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी रेयाक् दुपुड़ुप् रे सांसद मनीश जायसवाल दो़य मेन केदा। उनी दो़य मेन केदा जे योजनाको रे लापरवाही आर भ्रश्टाचार बाङ ञेलपारो़मो़क्आ। नोआ ओ़कते विधायक सुनीता चौधरी, डीसी चंदन कुमार, अध्यक्ष जिला परिशद सुधा देवी घालो़क् एटाक्कोको ताहेंकाना। जो़तो़ खो़न लाहा दुपुड़ुप् रे लाहा रे होयेन दुपुड़ुप्रे हुकुम लेकारे का़मीको रेयाक् जो़तो़ फायलाव तेको ला़यात्कोआ। दुपुड़ुप् ओ़कते रे एनएचएआई रेन अधिकारीको ठेन चूट्टूपालू घाटी रे होयोक् कान सो़ड़ो़क घो़टो़नाको रेएलाइनमेंट आर लाइट रेयाक् जावगे बाय का़मीय रे सांसद दो़ आ़ड़िसे सो़दो़र केदा। नोआ छाडा दुपुड़ुप् ओ़कते गोला मार्केटिंग छाटका रेयाक् सफल संचालन, ईडब्ल्यूएस सर्टिफिक्रेट ओडोक, एमान बाबो़त रे जा़रूड़ तेयाक्को हुकुमात्कोआ।

# भाजपा परिवर्तन यात्रा के समापन सभा में भीषण गर्मी से परेशान रहे कार्यकर्ता, समुचित पेयजलापूर्ति की सुविधा नहीं

## कार्यकर्ता बैठक स्थल पर पंखा नहीं रहने पर हाथ डुलाने वाले पंखे की हुई जमकर बिक्री

**दुमका ब्यूरो**

**दुमका।** भाजपा के द्वारा सोमवार को आयोजित आउटडोर स्टेडियम में परिवर्तन यात्रा के समापन समारोह में एक अलग ही नजारा देखने को मौका मिला। उमस भरी गर्मी में भाजपा कार्यकर्ता अपने बड़े नेता का इंतजार करते रहे। कार्यकर्ता पसीना से बेहाल, कंठ का तरी सूखा, पानी की व्यवस्था कार्यक्रम स्थल पर दिख नहीं रहा था कार्यकर्ता की नजरे इधर-उधर झांक रही थी, शायद कोई उन्हें पेयजल उपलब्ध करा दे। इस हालात से परेशान कार्यकर्ता को जब बर्दाश्त नहीं हुआ तो एक महिला कार्यकर्ता ने जोरदार विरोध पार्टी पदाधिकारी के बीच दर्ज कराया।



पार्टी के पदाधिकारी का हृदय पसीजा उसके बाद पार्टी की ओर से पेयजल की सुविधा तुरंत मुहैया कराई गई। इसी बीच ताक में बैठे हाथ से डुलाने वाले पंखा का विक्रेता भी आ धमका, यह नजारा भी अजीब था। पसीना से बेहाल कार्यकर्ताओं को हाथ डोलने वाला पंखा बेचने वाले की और लपका। कुछ कार्यकर्ताओं ने इसे खरीद भी संथाल एक्सप्रेस के पत्रकार की भी नजरे उसे और गई तो उसे पंखा विक्रेता से पूछा अब तक आपकी कितनी बिक्री हो गई है और आप कहां से हैं तो उन्होंने कहा मैं शहर के टीन बाजार ब रहने वाला हूं मेरा नाम राजू उर्फ शहाबुद्दीन है।

मैं अब तक एक दर्जन पंखा बेच चुका हूं। जिसकी कीमत 20 रुपए है, 240 रुपए का पंखा का मैं व्यवसाय कर लिया है। तब तक मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव,बाबूलाल मरांडी एवं अर्जुन मुंडा की आने की सूचना हो गई। सबकी नज़रें सभा स्थल पर टिक गई। हालांकि कार्यकर्ताओं में उत्साह में कोई कमी नहीं थी अपने नेता का इंतजार करते हुए देखा गया और आने पर जोरदार स्वागत भी किया और संभावना है कि पार्टी से मिले संकल्प के साथ भाजपा के कार्यकर्ता अपने निवास स्थल की ओर प्रस्थान कर गए। हालांकि इसी बीच एक और संकल्प भाजपा महिला कार्यकर्ताओं के द्वारा गांव-गांव से मांटी संग्रहित कर मांटी, बेटी और सुरक्षा के लिए भाजपा सरकार बनाने का संकल्पित संग्रहित मिट्टी को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को दिया गया।

## दो सड़क दुर्घटना में बाइक सवार तीन युवक घायल

**जरमुंडी ।** जरमुंडी व तालझारी थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों घायलों की प्राथमिक चिकित्सा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जरमुंडी में किया गया। चिकित्सक ने तीनों घायलों को प्राथमिक चिकित्सा के उपरांत बेहतर चिकित्सा हेतु फुलो झानो मेडिकल कालेज अस्पताल रेफर कर दिया है। पहली घटना दुमका-देवघर मुख्य सड़क मार्ग पर तालझारी थाना क्षेत्र में स्थित महाकाल मंदिर के समीप हुई। जिसमें अज्ञात वाहन के धक्के से बाइक सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान महादेव दास (22 वर्ष) पिता शीतल दास ग्राम तालझारी के रूप में हुई। घटना को लेकर ग्रामीणों ने बताया कि किसी अज्ञात वाहन के चपेट में आने से बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना में युवक के सिर, मुंह, नाक और गर्दन में काफी चोटें आयी है।

## हिंदी पखवाड़ा का समापन समारोह आयोजित

**दुमका।** विगत 29 सितंबर तक चलने वाले हिंदी पखवाड़ा का समापन समारोह संथाल परगना महाविद्यालय के हिंदी विभाग ने किया। विभाग ने 14 सितंबर से लेकर 29 सितंबर तक महाविद्यालय के विद्यार्थियों के बीच हिंदी के प्रसार और व्यवहार से संबंधित विभिन्न प्रकार के आयोजन किए गए। समापन समारोह में राजभाषा के रूप में हिंदी विषय पर वक्ता के रूप में अंजनी शरण आमंत्रित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ खिरोधर प्रसाद यादव के द्वारा की गई। अपने उद्बोधन में प्राचार्य ने कहा कि आज हिंदी सर्वजन की लोकप्रिय भाषा के रूप में प्रयोग हो रही है। आज हिंदी की स्वीकार्यता पूरे विश्व में तेजी से फैल रही है और सर्वजन इसे स्वीकार कर रहा है। मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित अंजनी शरण ने कहा कि भारतीय संस्कृति के विस्तार में हिंदी की महत्वपूर्ण भूमिका है। जिस तरह से भारत में बहुसंस्कृति का मिश्रण देखा जाता है ठीक उसी रूप में हिंदी अनेक संस्कृतियों को एक सूत्र में पिरोकर रखने का कार्य करती है। कार्यक्रम में स्वागत वक्तव्य प्रभारी विभाग अध्यक्ष प्रो पुष्पा सोरेन द्वारा दिया गया। मंच संचालन डॉ यदुवंश यादव तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ अजीत सिंह द्वारा किया गया।

## आजीविका महिला संकुल की वार्षिक आमसभा आयोजित

**जरमुंडी ।** जरमुंडी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत हथनामा पंचायत में आजीविका महिला की संकुल स्तरीय प्राथमिक स्वाबलंबी सहकारी समिति लिमटेड की वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया। आमसभा सीएलएफ दयामंती कुमारी की अध्यक्षता में की गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक बादल पत्रलेख मौजूद थे। बादल ने कहा कि समूह से जुड़कर महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही है। उन्होंने महिलाओं को ऋण का सदुपयोग करने की बात कही। कार्यक्रम में मौजूद 245 समूहों की आजीविका दीदी मौजूद थीं। सरकार द्वारा आजीविका बढ़ाने के उद्देश्य से संकुल संगठन द्वारा विभिन्न मद में कम ब्याज में समुदायिक निवेश निधि, चक्रीय निधि, कैश क्रेडिट लिंकेज मुहैया करा कर ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य के रूप से कांग्रेस नेता अमित कुमार झा, बीपीएम शेखर प्रसाद तथा सैकड़ों सखी मंडल की सदस्या दीदी उपस्थित थी।

## विश्वकर्मा समाज ने दुमका जिला से कोर कमिटी के सदस्य बने डॉ विनोद कुमार शर्मा



**दुमका।** झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज की कोर कमिटी एक बैठक प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा की अध्यक्षता में हजारीबाग के सर्किट हाउस में संपन्न हुई। उक्त बैठक में दुमका , रांची, हजारीबाग, धनबाद, गिरिडीह, जामताड़ा आदि जिलों सहित राज्य के कई जिलों से प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में दुमका जिला से कोर कमिटी के सदस्य के रूप में डॉ विनोद कुमार शर्मा विभागाध्यक्ष, मनोविज्ञान विभाग , संताल परगना कॉलेज और गंगाधर शर्मा शामिल हुए। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा ने जहां कोर कमिटी के महत्वपूर्ण उद्देश्यों सहित संगठन के बायलॉज के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा किया तो वहीं उन्होंने संगठनात्मक रूप से कार्य कर समाज को एक ऊंचाई देने की बात भी दुहराई। उन्होंने सदस्यों को मानकों पर चल नेतृत्व क्षमता को सामाजिक हित में प्रदर्शित करने की सलाह भी दिए। साथ ही उन्होंने इस बात से जागरूक किया कि लोग राजनीतिक अधिकारों के प्रति सचेत होकर नेतृत्व के लिए भी आगे बढ़े। मौके पर डॉ विनोद कुमार शर्मा ने कहा कि संगठन एक नेतृत्व शक्ति होता है। मानवीय क्षमता का अमूल्य पूंजी व धरोहर होता है। वो विश्वास होता है लोगों के सपनों को ज़मीनी स्तर पर पूरा करता है। बैठक में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अर्जुन शर्मा, प्रधान महासचिव संतन शर्मा, दिलीप शर्मा, डोमन शर्मा, देवराज शर्मा,नंदलाल शर्मा, गुप्तेश्वर शर्मा, संतोष शर्मा, कृष्ण शर्मा, संजय शर्मा सहित अन्य कई अन्य जिला के प्रतिनिधि प्रमुख रूप से उपस्थित थे और बैठक को सार्थक बनाने में सराहनीय भूमिका निभाया।

## बासुकीनाथ मंदिर में पॉकेटमारी करते एक धराया, अन्य फरार

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**जरमुंडी ।** प्रसिद्ध बासुकीनाथ मंदिर के गर्भगृह में कांवरिया के वेश में एक पाकेटमार को पकड़ा गया है। गर्भगृह में ड्यूटी पर तैनात मंदिर के सुरक्षाकर्मियों व पंडा-पुरोहितों ने आरोपी को रंगेहाथों पाकेटमारी करते हुए दबोचा। इस दौरान आरोपी ने हाथ छुड़ा कर भागने का भी प्रयास किया, किन्तु उसकी यह कोशिश बेकार गई। सुरक्षाकर्मियों ने उसे खदेड़कर शिवगंगा के निकट से दबोच लिया। उसके पास से एक श्रद्धालु की चोरी हुई मोबाइल भी बरामद की गई है। आरोपी ने बताया कि उसके साथ एक और सहयोगी भी था जो मौका देखकर भाग निकलने में सफल रहा। पकड़ाए गए आरोपी पॉकेटमार ने अपनी पहचान बिहार के बांका जिला अंतर्गत जोगडीहा गांव निवासी फुचो यादव



के रूप में बयाई। वहीं मौके से भाग निकलने में सफल रहे उसके साथी का नाम पांचू दास बताया जाता है। इधर मामले की जानकारी मिलने पर जरमुंडी थाना के पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी श्यामानंद मंडल ने आरोपी को कब्जे में ले लिया है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## एसकेएमयू में 2004 के बाद नियुक्त कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना लागू



**संवाददाता**

**दुमका।** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय ने सोमवार को 2004 के बाद नियुक्त पदाधिकारियों, शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना लागू करने के संबंध में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखंड सरकार, रांची से प्राप्त संकल्प को अधिसूचित कर दिया है। कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह के निर्देश पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ राजीव कुमार द्वारा सोमवार को इस संबंध में अधिसूचना जारी की गई। जारी अधिसूचना में उल्लेख किया गया है कि झारखंड सरकार के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा जारी पुरानी पेंशन से संबंधित संकल्प अपने पूर्ण प्रावधानों के साथ अधिसूचित किया जाता है। कुलपति से मिलने वाले शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल में डॉ अजय सिन्हा, डॉ कलानंद ठाकुर, डॉ शर्मिला सोरेन, डॉ संजीव कुमार, डॉ निर्मला त्रिपाठी, डॉ रंजना त्रिपाठी, डॉ सुतनु लाल बोंडाय, डॉ स्नेहलता मुर्मू, डॉ राजीव केरकेट्टा, डॉ राजेश यादव, डॉ सुशील टुडू, डॉ इंद्रनील मंडल, डॉ बिनोद मुर्मू, दीपक कुमार आदि शामिल थे।

## तिरुपति नदी पर पुलिया निर्माण की मांग को लेकर सात गांवों के ग्रामीणों ने किया वोट बहिष्कार



**गोपीकांदर ।** प्रखंड अन्तर्गत मुहालो एवं दुवारिया गांव के बीच तिरुपति नदी पर पुलिया निर्माण की मांग को लेकर सोमवार को सात गांव के ग्रामीणों ने नगाड़ा बजाते हुए पुलिया नहीं तो वोट नहीं का नारा लगाते हुए वोट बहिष्कार करने का निर्णय लिया । बता दें कि मुहालो एवं दुवारिया गांव के बीच तिरुपति नदी पर पिछले दो दशक से पुलिया निर्माण की मांग दुवारिया, डुमरतलला, कोचापानी, बांसपहाड़ी, तालबाड़िया, मुड़ासाल एवं धवाडंगाल आदि गांव कें लोग करते आ रहे है। नदी में पुल नहीं होने पर प्रखंड मुख्यालय आने जाने में इस वर्षा के दिनों में काफी दिक्कतों को सामना करना पड़ रहा है। पुल नहीं होने से लोग कई किलोमीटर घूम कर प्रखंड मुख्यालय एवं गोपीकांदर बजार पहुंचते हैं। पुल निर्माण नहीं होने से दुवारिया, डुमरतलला, कोचापानी, बांसपहाड़ी तालबाड़िया, मुड़ासाल, धवाडंगाल सहित एक दर्जन से अधिक गांव के लोगों ने सोमवार को एक बैठक कर आगामी विधानसभा चुनाव में वोट बहिष्कार करने निर्णय लिया है। बैठक में मुख्य रूप से जगरनाथ हेंब्रम, संतोष मरांडी, बालेश्वर मुर्मू, शिव सोरेन, सनातन बास्की, सिलवंती बास्की, पलटन मरांडी, साइमन टुडू, मेरी सोरेन, सर्बला मरांडी, सनी सन्मति टुडू, सुहागिनी हेंब्रम तथा सुरुधानी सोरेन सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।




स्वामी, प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक अशोक कुमार द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस,धनबाद गोविंदपुर मेन रोड अशोक नगर, केजी आश्रम,गोसाईंडीह धनबाद झारखंड से मुद्रित तथा संताल एक्सप्रेस कार्यालय दंगालपाड़ा, हिजला रोड, दुमका (झारखंड)से प्रकाशित,सलाहकार संपादक चंदन मिश्र, प्रबंध संपादक सिद्धार्थ कुमार, स्थानीय संपादक चुण्डा सोरेन 'सिपाही' फोन न. 7367009287, 9771486686